भाद्रपद शुक्ल - 8 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 49 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » बुधवार » 11-09-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 कांग्रेस अर्से से आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है : मायावती

6 ट्रेनों को बेपटरी कर निर्दोषों की जान लेने का आतंकी मोड्यूल

7 रश्मिका मंदाना ने हाल ही में उनके साथ हुई दुर्घटना का किया खुलासा

## फर्स्ट टेक

### 15 सितम्बर तक वाहनों में लगाएं एचएसआरपी नम्बर प्लेट

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु के संचार विभाग के संयुक्त पुलिस आयुक्त एमएन अनुचेत ने बताया कि 15 सितम्बर के बाद आरटीओ और ट्रॉफिक पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेटों न पाए जाने पर दंड लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में पहला फाइन 500 रुपए का होगा। उसके बाद भी अगर वाहन चालक नम्बर प्लेट को एचएसआरपी में नहीं बदलता है तो उस पर दूसरी बार 1000 रुपए का दंड लगाया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से अनुरोध किया कि वह अपने अपने वाहनों की नम्बर प्लेट नियमों के अनुसार बदल लें। उन्होंने यह भी बताया कि नम्बर प्लेट कहां कहां बदली जा रही है इसकी जानकारी ट्रॉफिक पुलिस और आरटीओ विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### असम 'ट्रांजिट कैंप' में म्यांमार के शरणार्थियों ने भूख हड़ताल शुरू की

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के ग्वालपाड़ा 'ट्रांजिट कैंप' में म्यांमा के रोहिंग्या और चिन शरणार्थियों ने कथित अनिश्चितकालीन हिरासत के विरोध में भूख हड़ताल शुरू कर दी है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अजय तिवारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जेल महानिरीक्षक और गृह सचिव को बंदियों से बात करने के लिए शिविर में भेजा गया है और ''हमें उम्मीद है कि मामला जल्द ही सुलझ जाएगा।'' उन्होंने बताया कि शरणार्थियों ने सोमवार शाम को भूख हड़ताल शुरू कर दी और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को भी स्थिति से अवगत करा दिया गया है। म्यांमा से अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के बाद कुल 103 रोहिंग्या और चिन शरणार्थियों को शिविर में रखा गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

### आठ दिन में दो करोड़ से ज्यादा हुई भाजपा की सदस्यता : पार्टी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान शुरू किए जाने के बाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता महज आठ दिन में दो करोड़ से अधिक हो गई है। पार्टी के सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक के बाद मंगलवार को यह जानकारी दी गई। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष समेत अन्य ने हिस्सा लिया।

| | |
|---|---|
| 11-09-2024 सूर्यास्त 6:12 बजे | 12-09-2024 सूर्योदय 5:57 बजे |
| BSE 81,921.29 (+361.75) | NSE 25,041.10 (+104.70) |
| सोना 7,539 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 93,000 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### आहट से घबराहट

धारा की कारा क्या भेदी,
मच गई पाक में घबराहट।
सब टूट गए सब रिश्ते नाते,
खत्म हुई सब गर्माहट।
दे रहा दुहाई दुनिया में,
रो-रो कर प्रकटे भन्नाहट।
नंबर है अब पीओके का,
शायद सुन ली उसने आहट।।

**मुलाकात**



अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में सोमवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और उनकी पत्नी उषा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की।

## महिलाएं वे सारे काम कर सकती हैं, जो पुरूष कर सकते हैं : भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नागपुर (महाराष्ट्र)/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि महिलाएं वे सारे काम कर सकती हैं जो पुरूष कर सकते हैं और वे (महिलाएं) वह काम भी कर सकती हैं जो पुरूष नहीं कर सकते। यहां महिला बहुप्रदेशीय सहकारी सोसायटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने 'महिलाओं की मुक्ति' शब्द के इस्तेमाल पर भी विस्तार से चर्चा की।

भागवत ने कहा कि महिलाओं की मुक्ति' की बात कहना ही गलत प्रतीत होता है। अगर महिलाओं को वे सब करने की आज़ादी दे दी जाए, जो वे करना चाहती हैं, तो हर कोई अपने आप ही मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''भारत में महिलाएं सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचती हैं। उनमें वात्सल्य का गुण अंतर्निहित है और इसीलिए वे सबके कल्याण के बारे में सोचती हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम अपने घरों से संस्थानों तक देखते हैं कि महिलाएं सभी के कल्याण के बारे में सोचती हैं।''





## अजमेर में मालगाड़ी को पटरी से उतारने की कोशिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जयपुर/भाषा।** राजस्थान के अजमेर जिले में रविवार को वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर सीमेंट के 'ब्लॉक' डालकर एक मालगाड़ी को पटरी से उतारने की कोशिश की गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मालगाड़ी सीमेंट के इन 'ब्लॉक' से टकरा गई। हालांकि, कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, ''कुछ बदमाशों ने रविवार को वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में पटरी पर सीमेंट के दो ब्लॉक रख दिए, जिन्हें एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। लेकिन कुछ अप्रिय नहीं हुआ।''

यह घटना फुलेरा-अहमदाबाद ट्रैक पर सरधना और बांगड़ स्टेशनों के बीच हुई। फ्रेट कॉरिडोर के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# साइबर सुरक्षा के बिना देश की प्रगति संभव नहीं : अमित शाह

## साइबर अपराधों से निपटने के लिए एआई का उपयोग करें एजेंसियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को साइबर सुरक्षा एजेंसियों से आग्रह किया कि वे साइबर अपराधों से निपटने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि लोगों की गाढ़ी कमाई को ठगने, फर्जी खबरें फैलाने और महिलाओं व बच्चों के साथ ऑनलाइन दुर्व्यवहार करने वाले अपराधियों के अपराध करने के तौर-तरीकों की पहचान के लिए एजेंसियां एआई का सहारा लें। उन्होंने यहां भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक डिजिटल लेन-देन में भारत की लगभग 46 प्रतिशत या लगभग आधी भागीदारी है, जिससे इन एजेंसियों का काम ''चुनौतीपूर्ण'' हो जाता है।

वर्ष 2018 में स्थापित 'आई4सी' गृह मंत्रालय के अंतर्गत एक विभाग है। इसका काम देश में साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दों को हल करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का समन्वय केंद्र स्थापित करना है।

गृह मंत्री ने कहा, ''मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप एआई का उपयोग करके अपराधियों द्वारा अपनाए गए तौर-तरीकों की पहचान करें...इससे आपको साइबर अपराधों से लड़ने के नए तरीके खोजने में मदद मिलेगी।'' उन्होंने कुछ आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि देश में इंटरनेट और साइबर पहुंच किस प्रकार बढ़ी है। शाह ने कहा, ''31 मार्च तक देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 95 करोड़ रही, जबकि 2014 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 25 करोड़ थी।''

मंत्री ने कहा कि साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 'आई4सी' द्वारा बुधवार से शुरू किए जा रहे विशेष अभियान के दौरान राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन टेलीफोन नंबर '1930' को लोकप्रिय बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''हमें इसके (साइबर अपराध के) खिलाफ और अधिक प्रयास करने की जरूरत है... हम एक बिंदु पर पहुंच गए हैं, लेकिन लक्ष्य अभी बहुत दूर है।''

साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा बताते हुए शाह ने कहा कि देश की प्रगति साइबर सुरक्षा के बिना संभव नहीं है। शाह ने एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि साइबर अपराध की कोई सीमा नहीं होती और इसलिए यह जरूरी है कि सभी पक्ष मिलकर इस समस्या से निपटें। उन्होंने कहा, ''प्रौद्योगिकी के बढ़ते इस्तेमाल से कई तरह के खतरे भी पैदा हो रहे हैं। यही वजह है कि साइबर सुरक्षा अब सिर्फ डिजिटल दुनिया तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी अहम पहलू बन गई है।'' गृह मंत्री ने कहा कि सरकार भारत में साइबर अपराधों से निपटने के लिए अगले पांच साल में 5,000 साइबर कमांडो को प्रशिक्षित करने और उन्हें तैयार करने की योजना बना रही है।

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**कोलकाता/भाषा।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में मंगलवार को विशेष सीबीआई अदालत ने 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने उनके सुरक्षाकर्मी अफसर अली और दो कथित सहयोगियों (ठेकेदार वेंडर बिप्लब सिन्हा और सुमन हाजरा) को भी 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अदालत को बताया कि यदि आवश्यकता हुई, तो वह पुनः उनकी हिरासत की मांग करेगा।

## भारत में सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में विश्वसनीय भागीदार बनने की क्षमता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश में विविधीकृत सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला में विश्वसनीय भागीदार बनने की क्षमता है और सरकार एक अनुकूल एवं स्थिर नीतिगत व्यवस्था का पालन करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सरकारी आवास पर सेमीकंडक्टर क्षेत्र के शीर्ष अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की एक गोलमेज बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल प्रतिभागियों के विचार न केवल उनके व्यवसाय बल्कि भारत के भविष्य को भी आकार देंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने आने वाले समय को प्रौद्योगिकी-संचालित बताते हुए कहा कि सेमीकंडक्टर डिजिटल युग का आधार है और वह दिन भी दूर नहीं है जब सेमीकंडक्टर उद्योग बुनियादी जरूरतों के लिए भी आधारशिला साबित होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र और प्रौद्योगिकी मिलकर मानवता का कल्याण सुनिश्चित कर सकते हैं और भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी वैश्विक जिम्मेदारी को पहचानते हुए इस मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में विविध सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला में एक विश्वसनीय भागीदार बनने की क्षमता है। उन्होंने प्रशिक्षित कार्यबल की उपलब्धता के लिए भारत में प्रतिभाओं की मौजूदगी और कौशल पर सरकार के अत्यधिक ध्यान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत का ध्यान वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी उत्पादों को विकसित करने पर है। उन्होंने कहा कि भारत उच्च-प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए एक बड़ा बाजार है और सेमीकंडक्टर क्षेत्र के दिग्गजों का उत्साह सरकार को इस क्षेत्र के लिए अधिक मेहनत करने को प्रेरित करेगा।

## यूक्रेन ने दागे 140 से अधिक ड्रोन, रूस के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया

**मॉस्को/एपी।** यूक्रेन द्वारा दागे गए 140 से अधिक ड्रोन ने रात भर में राजधानी मॉस्को सहित कई क्षेत्रों को निशाना बनाया जो रूस के खिलाफ देश के अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक है। रूसी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि मॉस्को के पास रामेंस्कोए शहर में ड्रोन ने दो बहु-मंजिला आवासीय इमारतों को निशाना बनाया जिससे उनमें आग लग गई।

यह इस महीने रूस पर दूसरा बड़ा यूक्रेनी ड्रोन हमला था। एक सितंबर को रूसी सेना ने कहा था कि उसने एक दर्जन से अधिक रूसी क्षेत्रों में यूक्रेन द्वारा दागे गए 158 ड्रोन को मार गिराया है, जिसे रूसी मीडिया ने युद्ध की शुरुआत के बाद से सबसे बड़ा यूक्रेनी ड्रोन हमला बताया था।

रूस की जांच समिति ने एक आतंकवादी हमले के रूप में वर्णित इस हमले की आपराधिक जांच की घोषणा की थी।

मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि सोमवार को मॉस्को में हुए ड्रोन हमले का मलबा शहर के बाहरी इलाके में एक निजी घर पर जा गिरा, लेकिन इसमे कोई हताहत नहीं हुआ, उन्होंने मॉस्को की ओर बढ़ रहे दर्जनों ड्रोन को देखा जिन्हें शहर के करीब आते ही सेना ने मार गिराया।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने नौ रूसी क्षेत्रों में यूक्रेन द्वारा दागे गए कुल 144 ड्रोन को मार गिराया।

## रूस और यूक्रेन को बातचीत करनी ही होगी, यदि वे चाहें तो भारत सलाह देने को इच्छुक : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जयशंकर ने जर्मन विदेश मंत्रालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन में सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।**

**बर्लिन/भाषा।** यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं होने का दावा करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि रूस और यूक्रेन को बातचीत करनी ही होगी एवं यदि वे सलाह चाहते हैं, तो भारत सलाह देने का सदैव इच्छुक है।

जयशंकर ने यहां जर्मन विदेश मंत्रालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन में सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

एक दिन पहले उन्होंने सऊदी अरब की राजधानी में भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ 'सार्थक वार्ता' की थी। उन्होंने कहा, ''हमें नहीं लगता है कि इस संघर्ष का युद्ध के मैदान में कोई हल निकलने वाला है। कहीं न कहीं, कुछ बातचीत तो होगी ही। जब कोई बातचीत होगी, तो मुख्य पक्षों – रूस और यूक्रेन – को उस बातचीत में शामिल होना ही होगा।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस एवं यूक्रेन यात्राओं का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मास्को और कीव में कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। उन्होंने कहा, ''हमें नहीं लगता है कि आपको रणभूमि में कोई समाधान मिलने जा रहा है। हमारा मानना है कि आपको बातचीत करनी होगी .... यदि आप सलाह चाहते हैं तो हम इसके लिये सदैव इच्छुक हैं।''

जयशंकर ने कहा कि विभिन्न देशों के बीच मतभेद होते ही हैं लेकिन संघर्ष मतभेदों के समाधान का तरीका नहीं है।

अपने संवाद के दौरान उन्होंने कहा 'क्वाड' एक सफल प्रयोग है।

भारत 'क्वाड' का सदस्य है। यह भारत, अमेरिका, जापान एवं आस्ट्रेलिया का सामरिक सुरक्षा संवाद मंच (समूह) है। चीन 'क्वाड' को एक ऐसे गठबंधन के रूप में देखता है जिसका लक्ष्य उसके उभार पर अंकुश लगाना है। चीन इस समूह का कटु आलोचक है।

जयशंकर ने कहा कि अलग-अलग छोर पर स्थित भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ''और इसी तरह हमने क्वाड को पुनर्जीवित किया। यह उन प्रमुख कूटनीतिक मंचों में से एक है जिसके लिए भारत प्रतिबद्ध है।''

### यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल के लिए

## रूस को मिसाइल भेजने का अमेरिका, ब्रिटेन ने ईरान पर आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लंदन/एपी।** अमेरिका और ब्रिटेन ने मंगलवार को ईरान पर यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल के लिए रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की आपूर्ति करने का आरोप लगाया और कहा कि वे दंडात्मक कदम उठाएंगे।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने लंदन की यात्रा के दौरान ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी की मौजूदगी में कहा कि ईरान ने इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया है कि ऐसे हथियारों की आपूर्ति से संघर्ष और बढ़ जाएगा।

ब्लिंकन ने कहा, ''रूस को अब इन बैलिस्टिक मिसाइलों की खेप मिल गई है और संभवत: कुछ हफ्तों के भीतर यूक्रेन में यूक्रेनी लोगों के खिलाफ उनका इस्तेमाल किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''ईरानी मिसाइलों की आपूर्ति रूस को अपने शस्त्रागार का अधिक उपयोग उन लक्ष्यों के लिए करने में सक्षम बनाती है जो अग्रिम मोर्चे से दूर हैं।'' उनके साथ लैमी ने भी यही बात कही।

ब्लिंकन और लैमी के बोलने के तुरंत बाद अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान जारी कर मिसाइल आपूर्ति को ''यूरोपीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा'' बताया और कहा कि वे ईरान के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाएंगे जिनमें ईरान के साथ द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौतों को रद्द करना तथा ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में शामिल व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।

# न्यायपालिका में लोकतंत्र की कमी, न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए नहीं है लोकतांत्रिक प्रणाली : कुशवाहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए नामों की सिफारिश करने वाली 'कॉलेजियम प्रणाली' पर मंगलवार को हमला किया और आरोप लगाया कि यह पिछड़े समूहों के लोगों को उच्च न्यायपालिका में नियुक्त होने से रोकती है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ''न्यायपालिका में लोकतंत्र की कमी'' उन मुद्दों में से एक होगा, जिसे वह संसद में उठाएंगे। उन्होंने हाल ही में बिहार से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली है।

कुशवाहा ने यह भी कहा कि अनुसूचित जातियों (एससी) के उप-वर्गीकरण में कोई समस्या नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अंदर भी ''क्रीमी लेयर'' की कोई अवधारणा नहीं होनी चाहिए। कुशवाहा ने कहा, ''न्यायपालिका में लोकतंत्र नहीं है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हम एक लोकतंत्र हैं लेकिन यह विडंबना है कि सबसे बड़ी संस्थाओं में से एक न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए लोकतांत्रिक प्रणाली नहीं है।'' उन्होंने दावा किया, ''आमतौर पर जिन लोगों के संपर्क होते हैं, उन्हें न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया जाता है। दलित और पिछड़े वर्ग के लोग कभी-कभार ही न्यायाधीश बनते हैं।'' कुशवाहा ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम का भी जिक्र किया, जिसे उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा, ''हम इस मुद्दे को संसद के अंदर और बाहर, दोनों जगह उठाएंगे। हम लोगों को इस मुद्दे के बारे में जागरूक करेंगे।'' केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2014 में एनजेएसी (राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग) अधिनियम लागू किया था। एनजेएसी को न्यायिक नियुक्तियां करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और इसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय के दो वरिष्ठ न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री तथा प्रधान न्यायाधीश द्वारा नामित दो अन्य प्रख्यात व्यक्ति, प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल किये थे। हालांकि, अक्टूबर 2015 में शीर्ष अदालत ने इस कानून को ''असंवैधानिक'' करार देते हुए रद्द कर दिया था। अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों को लेकर हाल में उठे विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''उप-वर्गीकरण होना चाहिए... लेकिन 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा नहीं होनी चाहिए। यहां तक कि ओबीसी में भी 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा सही नहीं है।''




# एयर इंडिया एक्सप्रेस अगले साल बिजनेस क्लास सीटें चरणबद्ध ढंग से हटाएगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** एआईएक्स कनेक्ट का अपने साथ विलय करने की तैयारियों में जुटी एयर इंडिया एक्सप्रेस वर्ष 2025 में अपने विमानों में बिजनेस क्लास की सीटें चरणबद्ध ढंग से खत्म कर देगी। एयरलाइन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास फिलहाल 85 विमानों का बेड़ा है जिनमें ए320 श्रृंखला के 25 विमान और बोइंग 737 श्रृंखला के 60 विमान हैं। एयरलाइन के बेड़े में शामिल विमानों की संख्या इस साल के अंत तक लगभग 100 होने की उम्मीद है।

एयरलाइन के पास 34 व्हाइट टेल बोइंग 737-8 विमान हैं और उनमें से 29 विमानों में अलग-अलग संख्या की बिजनेस क्लास सीटें हैं। इस साल के अंत तक उन विमानों की संख्या बढ़कर 50 हो जाएगी।

मूल रूप से किसी खास एयरलाइन के लिए बनाए गए और बाद में किसी अन्य एयरलाइन द्वारा लिए गए विमानों को 'व्हाइट टेल' विमान कहा जाता है।

फिलहाल यह एयरलाइन इकनॉमी और बिजनेस क्लास दोनों में सीटें मुहैया कराती है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि इन विमानों में लगी बिजनेस क्लास सीटों को अगले साल चरणबद्ध ढंग से बदल दिया जाएगा क्योंकि बिजनेस क्लास एयर इंडिया एक्सप्रेस के कारोबारी मॉडल में फिट नहीं बैठता है।

एआईएक्स कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय एक अक्टूबर को पूरा होने वाला है, जबकि विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय 12 नवंबर को पूरा होगा। ये चारों एयरलाइंस टाटा समूह की हैं।

# भाजपा राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए आप सरकार को गिराने की साजिश कर रही: आतिशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और मंत्री आतिशी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार को ''पिछले दरवाजे'' से गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। यह आरोप ऐसे समय लगाया गया है, जब एक दिन पहले ही राष्ट्रपति सचिवालय ने विपक्षी दल भाजपा के एक ज्ञापन को गृह मंत्रालय के पास ''उचित ध्यान'' के लिए भेज दिया था। ज्ञापन में कहा गया कि दिल्ली संवैधानिक संकट का सामना कर रही है।

आतिशी ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा कि अगर केजरीवाल सरकार को गिराया गया तो दिल्लीवासी आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को शून्य सीट देकर करारा जवाब देंगे और आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर जीत हासिल करेगी। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को कहा कि संविधान के कथित उल्लंघन के लिए आप नीत सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर भाजपा विधायकों द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा गया ज्ञापन गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है।

गुप्ता ने आरोप लगाया कि दिल्ली में ''शासन व्यवस्था में निष्क्रियता'' इसलिए पैदा हुई है क्योंकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में चार महीने से अधिक समय से जेल में हैं। आतिशी ने कहा कि भाजपा का एकमात्र काम देश में निर्वाचित सरकारों को अपने ''ऑपरेशन लोटस'' के जरिए गिराना है, जैसा कि महाराष्ट्र, कर्नाटक और मणिपुर में हुआ। मंत्री ने आरोप लगाया, ''उन्होंने आप विधायकों को खरीदकर सरकार गिराने के लिए दिल्ली में भी ऑपरेशन लोटस की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। अब वे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की लोकप्रिय सरकार को गिराने के लिए पिछले दरवाजे से राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश कर रहे हैं।''

आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोग केजरीवाल से इसलिए प्यार करते हैं क्योंकि उन्होंने उन्हें अच्छे स्कूल, अस्पताल, इलेक्ट्रिक बसें, महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा और बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा की सुविधा दी है। उन्होंने कहा, ''अगर भाजपा केजरीवाल सरकार को गिराती है, तो दिल्ली के लोग उसे करारा जवाब देंगे। भाजपा अपनी मौजूदा आठ सीटें भी खो देगी और आगामी विधानसभा चुनावों में शून्य पर सिमट जाएगी और आप सभी 70 सीटें जीतेगी।''

# करोड़ों का चूना लगाने वाला मुम्बई से गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** यहां के एक कम्पनी को करोड़ों रुपए का चूना लगाकर फरार हुए कम्पनी के युवा कर्मचारी को पुलिस ने मुम्बई से गिरफ्तार किया है। साइफर टेक्नोलॉजी में काम करने वाले शुभम जैन (26) ने कम्पनी के पासवर्ड का दुरुपयोग करते हुए कम्पनी के खाते से करोड़ों रुपए निकालकर उसे क्रिप्टो करेंसी में बदल लिया और बाद में कम्पनी से निकलकर वह मुम्बई चला गया जहां उसने क्रिप्टो करेन्सी को भारतीय नोटों में परिवर्तित किया।

शिकायत के उपरांत सीआईडी पुलिस ने कारवाई करते हुए मुम्बई पुलिस की मदद से शुभम जैन का मुम्बई में गिरफ्तार किया और उसे बेंगलूरु लाया गया।

पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल और दो लैपटॉप बरामद किए है। पुलिस कम्प्यूटर विशेषज्ञों की मदद से इन मोबाइल और लैपटॉप को खोलने की कोशिश कर रही है।

# अब तो विपक्षी नेता भी बिना किसी डर के कश्मीर में बर्फ से खेलते हैं: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व गृह मंत्री सुशील शिंदे की एक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा इतनी मजबूत है कि विपक्षी नेता भी बिना किसी डर के कश्मीर में बर्फ से खेलते हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिंदे ने अपने संस्मरण के विमोचन के मौके पर कहा था कि वह मंत्री रहते एक बार जम्मू-कश्मीर के लाल चौक जाने से डर गए थे। शिंदे की टिप्पणी पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, ''कांग्रेस शासन के दौरान देश के गृह मंत्री भी कश्मीर जाने से डरते थे।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन अब, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र की सुरक्षा इतनी मजबूत है कि विपक्षी नेता भी बिना किसी डर के कश्मीर में बर्फ से खेलते हैं।'' भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री ने स्वीकार किया है कि उन्हें जम्मू-कश्मीर जाने से डर लगता था लेकिन कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस केंद्र शासित प्रदेश को फिर से आतंक के दिनों में ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा, ''आज राहुल गांधी आराम से कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा और स्नो फाइट करते नजर आए। लेकिन नेकां और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर को आतंक के दिनों में वापस ले जाना चाहते हैं।'' भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने से कश्मीर में लोगों का जीवन बदल गया, जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ और 'भ्रष्ट अब्दुल्ला तथा मुफ्ती परिवारों' का प्रभाव कम हुआ।

# वाहनों के लिए 'उम्र' के बजाय प्रदूषण के आधार पर कबाड़ नीति लाने पर विचार : सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार वाहनों की 'उम्र' के बजाय उनसे फैलने वाले प्रदूषण के आधार पर उन्हें कबाड़ में बदलने की नीति पर काम कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने यहां वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के वार्षिक सम्मेलन में वाहन उद्योग से प्रदूषण जांच के कार्यक्रम को 'भरोसेमंद' बनाने में सरकार की मदद करने को कहा।

जैन ने कहा, ''जब आप 15 साल पुराने वाहन को कबाड़ में बदलना अनिवार्य करने वाली नीति लेकर आते हैं तो लोगों का एक सवाल होता है कि अगर उन्होंने अपने वाहन का अच्छी तरह से रखरखाव किया है, तो उनके वाहन को कबाड़ में क्यों बदला जाना चाहिए। आप इसे अनिवार्य नहीं कर सकते।'' उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों पर विचार करने के लिए सरकार इसका अध्ययन केवल प्रदूषण के लिहाज से कर रही है। उन्होंने कहा, ''सरकार इसके लिए एक नीति पर काम कर रही है। क्या हम बीएस-2 से पहले का जिक्र कर सकते हैं? हम उम्र की बात नहीं कर रहे हैं।... क्या हम वाहन प्रदूषण के लिए कोई सीमा तय कर सकते हैं?'' हालांकि, उन्होंने उद्योग से यह सुनिश्चित करने को कहा कि इस स्थिति में भी प्रदूषण जांच भरोसेमंद हो।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव ने कहा, ''मैं आप सभी से अनुरोध करूंगा कि प्रदूषण जांच का कार्यक्रम तय करने में हमारी मदद करें। हमें पता है कि अभी किस तरह प्रमाण पत्र प्राप्त करते हैं। ऐसे में प्रदूषण प्रमाण पत्र को

# भारत में हाइब्रिड, बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों की योजना: स्कोडा चेयरमैन

**नई दिल्ली/भाषा।** चेक कार विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में माइल्ड हाइब्रिड से लेकर पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों को पेश करेगी। इसकी शुरुआत वर्ष 2026 में एक शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के साथ होगी। स्कोडा ऑटो के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्लॉस जेलमर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कोडा ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की पेशकश को लेकर एक योजना बनाई है और उसी के हिसाब से काम करेगी। कंपनी वर्ष 2026 में एक शुरुआती स्तर की ईवी लेकर आएगी जिसे भारत के लिए एक विकल्प के रूप में पेश किया जाएगा। उसके बाद कंपनी एसयूवी एन्याक और एक अन्य कॉम्पैक्ट एसयूवी एलरॉक भी लेकर आएगी। जेलमर ने भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के वार्षिक सम्मेलन में पीटीआई-भाषा से कहा, ''हमारे पास एक ठोस योजना है। हमारी योजना कारों की पूरी रेंज, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग-इन हाइब्रिड और बैटरी ईवी के साथ पूरा पोर्टफोलियो लाने की है।'' उन्होंने कई प्रौद्योगिकी विकल्पों पर विचार की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''हमारा मानना है कि हमें ग्राहकों की उस इच्छा का सम्मान करना चाहिए जो वे आवागमन के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं।''



# साढे चार करोड़ का ड्रग बरामद, 15 गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु पुलिस ने एक महिला सहित 15 ड्रग पेडलरों को गिरफ्तार कर उनके पास से साढे चार करोड़ रुपए का ड्रग बरामद किया।

## मादक हाइड्रो गांजा बरामद

पुलिस आयुक्त कार्यालय में नगर पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को बताया कि सीसीबी पुलिस ने लगभग तीन करोड़ रुपए से अधिक का मादक हाइड्रो गांजा बरामद किया।

यह गिरफ्तारी विवेकनगर, यशवंतपुर, विद्यारण्यपुर, एचएसआर लेआउट, सुब्रमण्यपुरा, हेन्नूर, बानसवाड़ी,और इंदिरानगर पुलिस थाना द्वारा और सीसीबी पुलिस ने अलग अलग जगहों पर छापामार कर की है।

# महिंद्रा समूह ने बुच को भुगतान के कांग्रेस के आरोपों को ''झूठा व भ्रामक'' करार दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

Mahindra
Mahindra & Mahindra Ltd

**नई दिल्ली/भाषा।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने मंगलवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के पति धवल बुच को किए गए भुगतान पर हितों के टकराव के आरोपों का खंडन किया और कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को ''झूठा तथा भ्रमित करने वाला'' करार दिया।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि माधबी पुरी बुच के सेबी प्रमुख नियुक्त होने से 3 साल पहले धवल बुच महिंद्रा समूह में शामिल हुए थे। कंपनी ने कहा, ''मुआवजा विशेष रूप से और केवल बुच की आपूर्ति श्रृंखला विशेषज्ञता और प्रबंधन कौशल के लिए दिया है, जो यूनिलीवर में उनके वैश्विक अनुभव पर आधारित है।'' भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा दी गई मंजूरी पर कांग्रेस के आरोपों का उल्लेख करते हुए कंपनी ने कहा, ''आरोपों में संदर्भित सेबी के पांच आदेशों या अनुमोदनों में से कोई भी प्रासंगिक नहीं है।'' सूचना के अनुसार, ''सेबी के 5 में से 3 अनुमोदन, आदेश कंपनी या उसकी किसी अनुषंगी कंपनी से संबंधित नहीं हैं।'' एमएंडएम ने कहा, ''एक फास्ट-ट्रैक राइट्स इश्यू था जिसके लिए सेबी से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं थी। दूसरा मार्च 2018 में जारी आदेश था, जो धवल के महिंद्रा समूह के साथ काम शुरू करने से काफी पहले था।''

# भाजपा के 'कुप्रबंधन' के कारण 'शांतिपूर्ण' जम्मू में आतंकवाद फिर से पनपा: उमर अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ''कुप्रबंधन'' के कारण ''शांतिपूर्ण जम्मू में आतंकवाद फिर से पनपा'' है। अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अपनी गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने के बाद यह सुनिश्चित करेगी कि क्षेत्र को फिर से आतंकवाद से मुक्त बनाया जाए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र शासित प्रदेश में ''डबल इंजन'' वाली भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि इसने लोगों की समस्याएं बढ़ाने, विनाश एवं तबाही मचाने तथा निराशा फैलाने के अलावा कुछ नहीं किया क्योंकि ''जम्मू-कश्मीर में कोई भी व्यक्ति किसी एक भी बात के लिए सरकार की प्रशंसा नहीं करना चाहता।''षीं उन्होंने कहा, ''चाहे वह गृह मंत्री (अमित शाह) हों या रक्षा मंत्री (राजनाथ सिंह) हों, मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि मेरे कार्यकाल के दौरान जम्मू क्षेत्र को आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया था।'' अब्दुल्ला ने किश्तवाड़ जिले के पद्दार-नागसेनी निर्वाचन क्षेत्र में नेकां नेता एवं गठबंधन उम्मीदवार पूजा ठाकुर के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''पिछले पांच साल में चेनाब घाटी, पीर पंजाल, उधमपुर, रियासी, जम्मू, कठुआ और सांबा जिलों में आतंकवाद फिर से पनपा है। मुझे जम्मू क्षेत्र का एक भी ऐसा जिला बताइए, जहां हमारे वीर जवानों को निशाना न बनाया जा रहा हो..।'' गृह मंत्री अमित शाह ने हाल में बयान दिया था कि अगर जम्मू-कश्मीर में नेकां-कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनी तो आतंकवाद लौट आएगा। अब्दुल्ला ने शाह के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''हमें उनके कुकृत्यों और गलतियों का खामियाजा भुगतना होगा, जिनके कारण शांतिपूर्ण क्षेत्रों में आतंकवाद फिर से पनपा है।''

# टाटा मोटर्स ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के दाम तीन लाख रुपए तक घटाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की श्रृंखला के दाम तीन लाख रुपए तक घटा दिए हैं।

टाटा समूह की कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उसने नेक्सॉन ईवी का दाम तीन लाख रुपए, पंच ईवी का 1.2 लाख रुपए और टियागो ईवी की कीमत 40,000 रुपए तक घटा दी है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवत्स ने कहा, ''विशेष सीमित अवधि के लिए घोषित इन कीमतों के जरिये हम इलेक्ट्रिक वाहन के लिए लागत की बाधा तोड़ना चाहते हैं। हमारा प्रयास ईवी का दाम पेट्रोल या डीजल वाहनों के बराबर लाने का है।''

टाटा मोटर्स पहले ही परंपरागत पेट्रोल-डीजल ईंधन वाले वाहनों के दाम 65,000 रुपए से 1.8 लाख रुपए तक घटाने की घोषणा कर चुकी है। इनमें टियागो, नेक्सॉन, हैरियर और सफारी जैसे मॉडल शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी : न्यायालय ने थरूर के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को राहत देते हुए उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए की गई एक कथित टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमे में एक निचली अदालत में कार्यवाही पर मंगलवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने मामले में दिल्ली सरकार और शिकायतकर्ता एवं भाजपा के नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया। थरूर को दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के अनुसार मंगलवार को यहां एक निचली अदालत में पेश होना था। पीठ ने कहा, ''नोटिस जारी किया जाता है और चार सप्ताह में जवाब देने को कहा जाता है। इस बीच, आगे की कार्यवाही पर रोक लगाई जाती है।'' थरूर ने उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही निरस्त करने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ 29 अगस्त को शीर्ष न्यायालय का रुख किया था। सुनवाई के दौरान थरूर की ओर से पेश वकील मोहम्मद अली खान ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ता को पीड़ित पक्ष नहीं कहा जा सकता और राजनीतिक दल के सदस्यों को भी पीड़ित पक्ष नहीं कहा जा सकता। खान ने कहा कि थरूर की टिप्पणी मानहानि कानून के प्रतिरक्षा खंड के तहत संरक्षित है, जो यह निर्धारित करता है कि अच्छी सोच के साथ दिया गया बयान आपराधिक नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने अस्वीकार्य सीमाओं तक मानहानि के किसी मामले में ''पीड़ित व्यक्ति'' की परिभाषा का विस्तार किया है। वकील ने कहा कि थरूर ने टिप्पणी करने से छह साल पहले कारवां पत्रिका में प्रकाशित एक लेख का संदर्भ दिया था। शीर्ष न्यायालय ने हैरानी जताई कि 2012 में यह बयान अपमानजनक नहीं था जब लेख मूल रूप से प्रकाशित हुआ था। न्यायमूर्ति रॉय ने सुनवाई के दौरान कहा, ''आखिरकार यह एक रूपक है। मैंने समझने की कोशिश की है। यह उस व्यक्ति (मोदी) की अजेयता को दर्शाता है। मुझे नहीं पता कि यहां किसी ने आपत्ति क्यों जताई है।'' उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ थरूर के याचिका पर सुनवाई करने के लिए सोमवार को राजी हो गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मानहानि की शिकायत में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर 16 अक्टूबर 2020 को रोक लगा दी थी और पक्षकारों को 10 सितंबर को निचली अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

# आरबीआई ने एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक पर जुर्माना लगाया

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वैधानिक और नियामकीय अनुपालन में कुछ खामियों के लिए एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक पर कुल 2.91 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने मंगलवार को बयान में कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम के कुछ प्रावधानों के उल्लंघन और 'जमा पर ब्याज दर', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)' तथा 'कृषि ऋण प्रवाह- गिरवी मुक्त कृषि ऋण' पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए एक्सिस बैंक पर 1.91 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# भारत मध्यम अवधि में बजट घाटा कम करने के लिए प्रतिबद्ध: फिच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रेटिंग एजेंसी फिच ने मंगलवार को कहा कि भारत उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और गठबंधन सरकार की मांगों पर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद मध्यम अवधि में बजट घाटे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। फिच रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने बजट घाटे के लक्ष्यों को हासिल किया है या उनसे बेहतर प्रदर्शन किया है। इस वजह से भारत की राजकोषीय विश्वसनीयता बेहतर हुई है।

फिच ने कहा कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 में अपने राजकोषीय घाटे को नीचे लाने के लिए रिजर्व बैंक से मिले लाभांश का उपयोग कर रहा है। यह दर्शाता है कि देश अतिरिक्त खर्च के बजाय राजकोषीय मजबूती को प्राथमिकता देता है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''हमारा मानना है कि भारत सरकार मध्यम अवधि में बजट घाटे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसा गठबंधन में शामिल पक्षों की तरफ से रखी जाने वाली मांगों और उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के जरिये आर्थिक वृद्धि तेज करने की सरकारी कोशिशों के बावजूद है।''

जुलाई में पेश किए गए 2024-25 के पूर्ण बजट में सरकार ने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर 4.9 प्रतिशत कर दिया, जबकि फरवरी के अंतरिम बजट में इसके 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल ने मई में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपए का लाभांश स्वीकृत किया था।






# तमिलनाडु सरकार ने 2,600 करोड़ से अधिक के निवेश के लिए अमेरिकी कंपनियों के साथ किए समझौते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने राज्य में 2,600 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए अमेरिकी कंपनियों के साथ समझौतों पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की अमेरिका यात्रा के दौरान यह समझौते किए गए। राज्य में निवेश और विस्तार गतिविधियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा की अग्रणी प्रदाता कंपनी जेबिल और रॉकवेल ऑटोमेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, अमेरिका के शिकागो शहर में मुख्यमंत्री स्टालिन की मौजूदगी में नौ सितंबर को सरकार ने 2,666 करोड़ रुपये के निवेश के लिए जेबिल और रॉकवेल ऑटोमेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिससे 5,365 नौकरियों का सृजन होगा। विज्ञप्ति में कहा गया, जैबिल...एप्पल, सिस्को, एचपी और डेल जैसी प्रमुख कंपनियों को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवाएं और समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी है।

इसकी चीन, भारत, मलेशिया, मैक्सिको, सिंगापुर और अमेरिका में विनिर्माण इकाइयां हैं। सरकार ने रॉकवेल ऑटोमेशन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह औद्योगिक स्वचालन तथा डिजिटल बदलाव में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। इसका कॉर्पोरेट मुख्यालय विस्कॉन्सिन (अमेरिका) में स्थित है।

कांचीपुरम में 666 करोड़ रुपये के निवेश से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण इकाई के विस्तार के लिए कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इसके अलावा, तमिलनाडु के युवाओं के कौशल को बढ़ाने और औद्योगिक परिवेश में सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यम (एमएसएमई) तथा स्टार्टअप की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के लिए ऑटोडेस्क के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''तमिलनाडु की औद्योगिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण निवेश प्रतिबद्धताएं हासिल कीं।'' इस अवसर पर राज्य के उद्योग मंत्री टी.आर.बी. राजा भी उपस्थित रहे।

## न्यायमूर्ति गौरी, चार अन्य को मद्रास उच्च न्यायालय का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने मद्रास उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी और चार अन्य अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की मंगलवार को सिफारिश की। पिछले साल न्यायमूर्ति गौरी की उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति से पहले, बार के कई सदस्यों ने भारत के प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर उनके कथित नफरती भाषणों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ाव की बात कही थी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने गौरी को मद्रास उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने से रोकने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा उनके नाम की सिफारिश करने से पहले एक परामर्श प्रक्रिया हुई थी।

मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई की तीन सदस्यीय उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने अदालत के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए तीन महिलाओं सहित पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश करते हुए प्रस्ताव पारित किया। कॉलेजियम ने जिन पांच न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी दी, वे हैं न्यायमूर्ति लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी, न्यायमूर्ति पिल्लईपक्कम बहुकुटुम्बी बालाजी, न्यायमूर्ति कंधासामी कुलंदावेलु रामकृष्णन, न्यायमूर्ति रामचंद्रन कलाईमथी और न्यायमूर्ति के. गोविंदराजन तिलाकावडी। शीर्ष अदालत के तीन न्यायाधीशों ने मद्रास उच्च न्यायालय कॉलेजियम के 29 अप्रैल, 2024 के प्रस्ताव पर गौर किया, जिसमें इन पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की गई थी। उसने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने सिफारिश से सहमति जतायी है।

प्रस्ताव में कहा गया है, उपर्युक्त प्रस्ताव के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, कॉलेजियम का मानना है कि अतिरिक्त न्यायाधीश (1) न्यायमूर्ति लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी, (2) न्यायमूर्ति पिल्लईपक्कम बहुकुटुम्बी बालाजी, (3) न्यायमूर्ति कंधासामी कुलंदावेलु रामकृष्णन, (4) न्यायमूर्ति रामचंद्रन कलाईमथी और (5) न्यायमूर्ति के. गोविंदराजन तिलाकावडी, स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिए उपयुक्त हैं।

एक अन्य प्रस्ताव में, शीर्ष अदालत के तीन सदस्यीय कॉलेजियम ने मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए तीन न्यायिक अधिकारियों के नामों की भी सिफारिश की। तेईस अप्रैल, 2024 को मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से इन न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति की सिफारिश की। प्रस्ताव में कहा गया, उपरोक्त के मद्देनजर, कॉलेजियम यह सिफारिश करने का संकल्प लेता है कि न्यायिक अधिकारियों (1) आर. पूर्णिमा, (2) एम. जोतिरमण और (3) डॉ. ऑगस्टीन देवदास मारिया क्लेटे, को मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए। इसमें कहा गया कि 23 अप्रैल, 2024 के प्रस्ताव में कुछ वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों की सिफारिश नहीं की गई है और उनके नामों की सिफारिश नहीं करने के लिए उच्च न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा ठोस कारण दर्ज किए गए हैं। तीन सदस्यीय शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने प्रस्ताव में कहा, इसलिए, हम उन्हें नजरअंदाज करने के लिए उच्च न्यायालय कॉलेजियम से सहमत हैं।

## राहुल गांधी द्वारा विदेश में भारत को बदनाम करने का हताश प्रयास



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने कहा कि अमेरिका में राहुल गांधी के हालिया दावे खट्टे अंगूरों का एक क्लासिक मामला है, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन से उपजा है, क्योंकि वे खुद खोखले वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। अवास्तविक योजनाओं से भरा उनका घोषणापत्र मतदाताओं को धोखा देने का एक स्पष्ट प्रयास था। लोगों ने उनके झूठ को पहचान लिया है, और उनकी विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है।

प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत जनादेश के साथ ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल दिया है, जो एक समृद्ध भारत और एक मजबूत राष्ट्र की उनकी इच्छा को दर्शाता है। यह भ्रष्ट विपक्षी दलों और भारत के खिलाफ काम करने वाली विदेशी ताकतों को एक मजबूत जवाब है। अपनी बार-बार की हार के बावजूद, विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी की छवि को खराब करने और भाजपा के विकास में बाधा डालने के लिए झूठ, अपमान और षड्यंत्र के सिद्धांत फैलाना जारी रखते हैं। राहुल गांधी का हालिया अमेरिकी दौरा और भारत के खिलाफ उनके भाषण निंदनीय हैं। लोकतांत्रिक रूप से चुने गए प्रधानमंत्री और भारतीय लोगों के खिलाफ उनके बयान खतरनाक हैं। भारत सरकार को उनके बयानों, उनके दौरे और उनके भाषणों की पृष्ठभूमि की गहन जांच करनी चाहिए।

प्रसाद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत के बारे में विवाद, झूठ और अपमान फैलाकर बेशर्मी से आत्म-प्रचार कर रहे हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यापक रूप से प्रशंसित वैश्विक पहलों को कम करके ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्होंने लाखों भारतीयों के जीवन में पुनर्जागरण लाया है, बुनियादी ज़रूरतें प्रदान की हैं। उनकी अपरिपक्व और कायरतापूर्ण राजनीति का उद्देश्य लोमड़ी जैसी रणनीति का उपयोग करके भारत विरोधी ताकतों को खुश करना है। उन्होंने कहा कि हाल में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को भारी जीत मिलने की उम्मीद है, जिससे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को मजबूती मिलेगी।

## असम के पत्रकार प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** सांस्कृतिक और व्यावसायिक सौहार्द के एक संकेत के रूप में, असम से एक मीडिया प्रतिनिधिमंडल, जो वर्तमान में तमिलनाडु के छह दिवसीय दौरे पर है, ने आज तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात की। यह बैठक उभरते मीडिया परिदृश्य और दोनों राज्यों में सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर एक गतिशील संवाद के लिए एक मंच के रूप में काम आई।

राज्यपाल रवि ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया और असम और तमिलनाडु के मीडिया परिवेश के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों के बारे में गहन चर्चा की। राज्यपाल ने जन जागरूकता को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक अंतर को पाटने में क्षेत्रीय मीडिया के महत्व पर जोर दिया। असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक के रूप में, प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को पारंपरिक असमिया स्मृति चिन्ह भेंट किए, जिसमें पीतल का ज़ोराई और जापी, तथा हथकरघा से बना असमिया गमछा शामिल था। उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम (एनईएचएचडीसी) से प्राप्त गमछा, अपने भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग और क्यूआर बारकोड द्वारा प्रतिष्ठित है, जो इसकी प्रामाणिकता और इसे बनाने वाले कारीगरों का पता लगाने और सत्यापन की अनुमति देता है। एनईएचएचडीसी का यह अभिनव दृष्टिकोण आधुनिक तकनीक के साथ पारंपरिक शिल्प कौशल के मिश्रण को उजागर करता है।

चर्चा के दौरान राज्यपाल रवि ने तमिलनाडु और असम के बीच विशेष संबंधों को रेखांकित किया और गुवाहाटी विश्वविद्यालय में तमिल डिप्लोमा पाठ्यक्रम की आगामी स्थापना की घोषणा की, जो दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने तमिलनाडु के डिजिटल परिवर्तन और चिकित्सा पर्यटन के केंद्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा पर भी प्रकाश डाला, जो राज्य द्वारा शिक्षा और कुशल मानव संसाधनों पर जोर दिए जाने से प्रेरित है।

राज्यपाल ने क्षेत्रीय कौशल अंतर को पाटने और आर्थिक अवसरों को बढ़ाने के लिए असम में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना का आह्वान किया। उन्होंने स्थायी पर्यावरणीय प्रथाओं, विशेष रूप से विष निष्कर्षण और दवा कंपनियों के साथ उचित मूल्य पर बातचीत करने में उनकी भूमिका के लिए इरुला जनजातियों की भी सराहना की। डिजिटल कनेक्टिविटी की शक्ति पर जोर देते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि भौगोलिक दूरी आज के सूचना युग में प्रगति में बाधा नहीं बननी चाहिए। इस बैठक में विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ तथा असम और तमिलनाडु के बीच मजबूत सांस्कृतिक और शैक्षिक संबंधों की पुष्टि हुई, तथा एक मजबूत, अधिक एकीकृत भारत के निर्माण में अंतर-राज्यीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला गया।



## दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल में हिन्दी प्रश्नोत्तरी का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी तेजप्रताप सिंह के निर्देशानुसार हिंदी विभाग द्वारा राजभाषा तिमाही के उपलक्ष्य में 'हमारा सवाल....आपका जवाब' कार्यक्रम के तहत हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता चेन्नई मंडल में चलाई गई। इसमें संपूर्ण चेन्नई मंडल के विभिन्न विभाग के कार्यालयों से 84 कर्मचारियों ने भाग लिया। इसकी अध्यक्षता चेन्नई मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त राजय्या ने किया। वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ए. श्रीनिवासन ने प्रश्नमंच चलाया। बडे उत्साह से सभी प्रतिभागियों ने इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भाग लिय। हिंदी विभाग के सभी अनुवादक एवं अधीक्षक ने सम्पूर्ण समन्वय किये। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चार टीम विजेता रही जिन्हें चार हजार पुरस्कार दिया जाएगा। इस महीने के अंत में चेन्नई मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विश्वनाथ ईर्या की अध्यक्षता में सम्पन्न होने वाले राजभाषा समापन समारोह के दौरान विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## केरल उच्च न्यायालय ने हेमा समिति की रिपोर्ट पर निष्क्रियता के लिए सरकार की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को राज्य की वाम मोर्चे की सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट पर उसकी ''निष्क्रियता चिंताजनक'' है। न्यायमूर्ति ए के जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति सी एस सुधा की विशेष खंडपीठ ने कहा कि सरकार को रिपोर्ट वर्षों पहले मिल गई थी और उसे तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी। पीठ ने निर्देश दिया कि आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पूरी रिपोर्ट विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी जाए। उसने यह भी पूछा कि राज्य इतने वर्षों तक चुप क्यों रहा।

पीठ ने कहा कि केरल में महिलाओं की संख्या अधिक है और पूछा कि समाज में उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में राज्य क्या कर रहा है। उसने कहा कि सरकार ने रिपोर्ट मिलने के चार से अधिक वर्ष बाद ही इस पर कार्रवाई की। अदालत ने कहा कि एसआईटी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई कर सकती है और अदालत अगली तारीख पर यह देखेगी कि विशेष दल ने क्या कदम उठाए हैं। साथ ही उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि एसआईटी जल्दबाजी में कार्रवाई न करे और पीड़िता तथा आरोपियों के विवरण का खुलासा न करे। उसने यह भी कहा कि मीडिया को अपने आप को संयमित रखना चाहिए और उसने पुलिस को मामलों की अनावश्यक जानकारियां उजागर न करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर व्यापक कानून होना चाहिए और सरकार को तीन अक्टूबर को सुनवाई की अगली तारीख से पहले एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उसके द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी हो। राज्य की ओर से पेश महाधिवक्ता ने सुनवाई के दौरान कहा कि एक एसआईटी गठित करने समेत कई कदम उठाए गए हैं और महिला कलाकारों की शिकायतों पर 23 मामले दर्ज किए गए हैं। वर्ष 2017 में एक अभिनेत्री पर हमले के बाद केरल सरकार द्वारा गठित न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के उत्पीड़न व शोषण के मामलों का खुलासा किया गया है।

## एआई एक्सप्रेस ने तिरुवनंतपुरम को रियाद से जोड़ने वाली नई उड़ान शुरू की

**तिरुवनंतपुरम।** एअर इंडिया 'एक्सप्रेस' ने केरल से सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए उड़ान सेवा शुरू करने की प्रवासी भारतीयों की लंबे समय से की जा रही मांग को स्वीकार कर लिया है। तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (टीआईएएल) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

टीआईएएल ने कहा कि एअर इंडिया 'एक्सप्रेस' ने दक्षिणी राज्य के प्रवासियों को 'ओणम' उपहार के रूप में नौ सितंबर को तिरुवनंतपुरम से रियाद के लिए अपनी उड़ान सेवा शुरू की। उड़ान संख्या -आईएक्स 521 प्रत्येक सोमवार को रात्रि 7:55 बजे तिरुवनंतपुरम से रवाना होगी और रात 10:40 बजे रियाद पहुंचेगी। टीआईएएल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि वापसी की उड़ान आईएक्स 522 उसी दिन रात 11:20 बजे रियाद से रवाना होगी और मंगलवार को सुबह साढ़े सात बजे केरल की राजधानी पहुंचेगी।

विज्ञप्ति में कहा गया है, सऊदी अरब में कामकाज कर रहे केरल और तमिलनाडु के प्रवासियों को नई सेवा से लाभ होगा। तिरुवनंतपुरम से सऊदी अरब के दम्माम तक सीधी सेवा है।

## मीना बाजार आज से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई के एग्मोर स्थित राजा मुथैय्या और रानी मयम्मई हॉल में आरसीसी द्वारा 12 और 13 सितम्बर को दो दिवसीय मीना बाजार का आयोजन किया जा रहा है।

## वाम सरकार के कारण ही न्यायमूर्ति हेमा समिति का गठन किया गया : पिनराई विजयन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम।** मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को कहा कि देश में किसी भी राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति हेमा समिति की तरह फिल्म उद्योग में हस्तक्षेप नहीं किया है और केरल में ही यह संभव हुआ है क्योंकि यहां वाम मोर्चा की सरकार सत्ता में है।

विजयन ने कहा कि जिन लोगों ने पहले ही हेमा समिति के समक्ष बयान दे दिया है या जिन्होंने नहीं दिया है, वे पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकते हैं और ऐसी सभी शिकायतों की गहन जांच की जाएगी। पश्चिम बंगाल में हाल ही में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए कथित बलात्कार और उसकी हत्या मामले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अब महिला सुरक्षा पर तीखी बहस चल रही है। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विजयन ने कहा कि देश के कई राज्यों में महिलाओं पर हमले हो रहे हैं। वाम नेता ने कहा कि बिलकिस बानो मामले में आरोपियों की रिहाई और एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा उनका स्वागत करने से समाज में गलत संदेश गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसे समय में जब राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी परिस्थितियां हैं, केरल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सटीक नीतियों के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे ही फिल्म उद्योग में व्याप्त कुछ मुद्दों को सरकार के संज्ञान में लाया गया, न्यायमूर्ति हेमा की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। विजयन ने कहा कि यह ध्यान देने योग्य बात है कि देश के किसी अन्य राज्य ने फिल्म उद्योग में इस तरह का हस्तक्षेप नहीं किया है। उन्होंने कहा, केवल केरल ने ही इस तरह का हस्तक्षेप किया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि राज्य में वाममोर्चा की सरकार सत्ता में है।'' फिल्म उद्योग के लिए केरल के समान या उससे बेहतर सुविधाएं देने वाले राज्यों ने अभी तक हेमा पैनल जैसा कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कई राज्यों में न्यायमूर्ति हेमा समिति की तर्ज पर पैनल गठित करने की मांग उठने लगी है। उन्होंने कहा कि हेमा समिति की रिपोर्ट के संबंध में अन्य कानूनी जांच भी आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में ऐसी जांच प्रणाली तैयार है जो ऐसी किसी भी शिकायत में हस्तक्षेप करने का आश्वासन देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में केरल अलग है।

## तमिलनाडु सरकार ने पट्टा समझौता समाप्त कर मद्रास रेस क्लब का अधिग्रहण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राजस्व विभाग ने 730.86 करोड़ रुपये के संशोधित किराये के बकाया और अवैध निर्माण के आरोपों के बीच गिंडी स्थित ऐतिहासिक मद्रास रेस क्लब (एमआरसी) को अपने नियंत्रण में ले लिया है। इस क्लब में पूर्व में कई घुड़दौड़ आयोजित की गई हैं। सोमवार को सुबह जब राजस्व अधिकारियों ने एमआरसी के 160 एकड़ भूमि पर कब्जा करने की घोषणा करते हुए उसे सील कर दिया तो उस समय ट्रैक पर काम कर रहे प्रशिक्षकों और घुड़सवारों को वहां से चले जाने को कहा गया और लगभग 500 घोड़ों को अस्तबल के अंदर बंद कर दिया गया।

तमिलनाडु सरकार ने चेन्नई के मद्रास रेस क्लब के साथ 1945 में हस्ताक्षरित 99-वर्षीय पट्टा समझौते को रद्द कर दिया था। सरकार अब उचित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए इसकी संपत्ति को अपने कब्जे में लेने जा रही है। सरकार ने मद्रास उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि क्लब को पट्टे पर दी गई भूमि पर कब्जा लेने से पहले एमआरसी को नोटिस जारी करने की उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। छह सितंबर को जारी सरकारी आदेश में चेन्नई के जिलाधिकारी की एक रिपोर्ट का हवाला दिया गया है, जिसमें क्लब द्वारा किए गए उल्लंघनों की ओर इशारा किया गया। इसमें बैंक्वेट हॉल का अवैध निर्माण, मद्रास जिमखाना क्लब को पट्टे पर दिए गए हिस्से में अपनी गतिविधियां जारी रखने की अनुमति, राज्य सरकार की अनुमति के बिना भवनों का निर्माण करना और गोल्फ क्लब को संचालित करने की अनुमति देना जैसी गतिविधियों का उल्लेख किया गया है। महाधिवक्ता पी एस रमन ने कहा कि सरकार ने भूमि पर कब्जा करने के लिए नहीं केवल पट्टा ''समाप्त करने'' के लिए सरकारी आदेश जारी किया था। उन्होंने मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस एस सुन्दर और न्यायमूर्ति के राजशेखर की पीठ को सूचित किया कि क्लब को पट्टा समझौते को समाप्त करने तथा भूमि पर कब्जा लेने के संबंध में नोटिस जारी कर अलग से कार्यवाही शुरू की जाएगी। यह जानकारी तब दी गई जब सोमवार को बेदखली प्रक्रिया को रोकने के लिए एमआरसी द्वारा दायर एक तत्काल याचिका पर सुनवाई हुई।

क्लब की ओर से उपस्थित वरिष्ठ वकील ए एल सोमयाजी ने दलील दी कि सरकार ने उनके मुवक्किल की बात सुने बिना ही ''अलोकतांत्रिक तरीके'' से भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया है। अधिवक्ता वैभव आर. वेंकटेश ने दलील दी कि पट्टा समझौता एक अप्रैल, 2045 तक वैध है और क्लब को संपत्ति से वंचित नहीं किया जाना चाहिए, विशेषकर तब जब बकाया किराये से संबंधित अपील अभी भी अदालत में लंबित है।





# अजमेर में मालगाड़ी को पटरी से उतारने की कोशिश : अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अजमेर जिले में रविवार को वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर सीमेंट के 'ब्लॉक' डालकर एक मालगाड़ी को पटरी से उतारने की कोशिश की गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मालगाड़ी सीमेंट के इन 'ब्लॉक' से टकरा गई। हालांकि, कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, कुछ बदमाशों ने रविवार को वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में पटरी पर सीमेंट के दो ब्लॉक रख दिए, जिन्हें एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। लेकिन कुछ अप्रिय नहीं हुआ।

यह घटना फुलेरा-अहमदाबाद ट्रैक पर सरधना और बांगड़ स्टेशनों के बीच हुई। फ्रेट कॉरिडोर के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। कॉरिडोर कंपनी डीएफसीसी के उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) चित्रेश जोशी ने कहा, घटना रविवार रात को हुई, जब ट्रेन सीमेंट के 'ब्लॉक' से टकरा गई। ट्रेन के गार्ड ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और उसे वहां सीमेंट के 'ब्लॉक' मिले।

उन्होंने कहा कि इस घटना से रेलगाड़ियों की आवाजाही में कोई बाधा नहीं आई। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी कॉरिडोर में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना कानपुर में भिवानी-प्रयागराज कालिंदी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश के एक दिन बाद हुई है। कुछ दिन पहले राजस्थान के पाली जिले में भी अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश की गई थी।

# बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : गजेन्द्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा बीकानेर जिला प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को बीकानेर जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं और बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता समझते हुए पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। प्रत्येक घोषणा का समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला स्तर पर इन घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो। आवश्यकता के अनुसार उच्च स्तर पर भी समन्वय रखा जाए।

बीकानेर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में सोलर पार्क विकास से जुड़े कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। इससे जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने मातृ वन की स्थापना की प्रगति जानी और कहा कि मातृ वन में पौधारोपण के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लाएं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जन सहयोग से मातृ वन विकसित किए जाएं। ऐसे पौधे लगाएं, जो इस क्लाइमेट के अनुकूल हों।

प्रभारी मंत्री ने बीकानेर जिले से संबंधित 90 घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित फॉलो किया जाए।

उन्होंने जिला अस्पताल के उन्नयन, इंजीनियरिंग कॉलेज को राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित करने, ई-बस संचालन के लिए टर्मिनल निर्माण, वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स, बालिका सैनिक स्कूल, वेद महाविद्यालय और स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना, एंटी रोमियो स्क्वायड के गठन और नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना सहित अन्य घोषणाओं की प्रगति जानी। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि मानसून के बाद सड़क बनाने और मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। रामपुरा आरयूबी और लालगढ़ क्षेत्र में बन रहे आरओबी निर्माण की स्थिति जानी और इन कार्यों को कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि गत दिनों हुई बरसात का तहसीलवार आंकड़ा उपलब्ध करवाया जाए। साथ ही बरसात के कारण सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, कैनाल और घरों आदि को हुए नुकसान की रिपोर्ट दी जाए। साथ ही गिरदावरी रिपोर्ट भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, जिससे नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने जिले में उद्घाटन और लोकार्पण योग्य कार्यों की जानकारी ली और बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और प्रशासनिक कार्यालयों से जुड़े कार्यों के लिए तीन-तीन करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं। संबंधित विधायक के माध्यम से इनकी अभिशंसा करवाई जाए। उन्होंने 17 सितंबर को होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारी के बारे में जाना और कहा कि इसका आयोजन वृहद स्तर पर किया जाए।

खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि सीमांत क्षेत्र से जुड़ी बजट घोषणाओं की विशेष मॉनिटरिंग की जाए, जिससे स्थानीय लोगों को इनका अधिक से अधिक लाभ मिले। उन्होंने नहरी तंत्र सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों के बारे में जाना। बीकानेर (पूर्व) विधायक सुसिद्धि कुमारी ने गंदे पानी के निस्तारण से जुड़ी डीपीआर शीघ्र बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन द्वारा रोड सेफ्टी से जुड़ा अभियान वृहद स्तर पर चलाया जाए।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने मुरलीधर व्यास कॉलोनी के बालिका महाविद्यालय के लिए भूमि आवंटन, रीको क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं की वृद्धि करने, शहरी क्षेत्र में के सार्वजनिक उद्यान में पौधे लगाने के अलावा गंगाशहर पुलिस वृत्ताधिकारी कार्यालय के जमीन आवंटन कार्यवाही शीघ्र करने के लिए कहा। बीकानेर जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने विभागवार प्रगति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर इनकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।



# मानसिक रोगों की पहचान व उपचार से आत्महत्या पर प्रभावी रोकथाम संभव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. भारती दीक्षित ने कहा कि मानसिक रोगों के कारणों की पहचान, यथासंभव रोकथाम एवं सही उपचार के माध्यम से आत्महत्या एवं इसके कारकों में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार आत्महत्या रोकथाम हेतु कदम उठाने पर बल दिया।

डॉ. दीक्षित सोमवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर आयोजित वीडियो कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आत्महत्या मुक्त राजस्थान की शपथ दिलाई एवं आमजन में जागरुकता के लिए तैयार किए गए पोस्टर एवं लघु फिल्म का विमोचन भी किया। उन्होंने वीसी में प्रतिभागी मनोरोग विशेषज्ञों से चर्चा कर आत्महत्या रोकथाम के लिए सुझाव प्रस्तुत करने की आवश्यकता व्यक्त की।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि इस वर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम 'चेंज द नरेटिव ऑन सुसाइड, स्टार्ट द कन्वर्सेशन' निर्धारित की गई है। जिलों में इस थीम पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

मनोचिकित्सा प्रोफेसर डॉ. विनोद दडिया ने आत्महत्या रोकथाम के लिए कोचिंग हब कोटा में अपनाए जाने वाली बेस्ट प्रेक्टिसेज एवं लर्निंग्स विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कोचिंग विद्यार्थियों के व्यवहार में आने वाले परिवर्तनों व इसके मनोवैज्ञानिक कारणों, आत्महत्या के कुछ दिनों पूर्व किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में आने वाले चेतावनी संकेतों पर भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही, आत्महत्या रोकथाम के लिए अपनाए जाने वाले टूल्स से अवगत कराया।

वीसी में मनोरोग विशेषज्ञों ने पेनल डिस्कशन के माध्यम से चेंज द नरेटिव ऑन सुसाइड विद कॉल टू एक्शन, स्टार्ट द कन्वर्सेशन एवं आईसीएमआर द्वारा किए गए अध्ययन पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए गए। मिशन निदेशक ने मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के क्षेत्र में प्रभावी योगदान के लिए मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. शिव गौतम, डॉ. ललित बत्रा, डॉ. पंकज, डॉ. गुनीत इंद्रजीत कौर, डॉ. नीति रस्तोगी, डॉ. विनोद दडिया, डॉ. राकेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल प्रभारी डॉ. एसएम स्वामी, सलाहकार ललित त्रिपाठी एवं स्वयंसेवी संस्था एसआरकेपीएस के भूपेश दीक्षित को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में निदेशक आईईसी शाहीन अली खान, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत राणावत भी उपस्थित थे। जिलों से वीसी के माध्यम से मेडिकल कालेजों के प्राचार्य, मनोरोग विभागों के अध्यक्ष, संयुक्त निदेशक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित ब्लॉक स्तर तक के विभिन्न अधिकारी एवं कार्मिक भी जुड़े। कार्यक्रम का संचालन टेलीमानस हैल्पलाइन की प्रोजेक्ट समन्वयक डॉ. वंदना ने किया।

## राजस्थान के छह जिलों में भारी बारिश

जयपुर। राजस्थान में बारिश का दौर जारी है जहां बीते चौबीस घंटे के दौरान दौसा व करौली सहित छह जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी कई जगह पर भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार मंगलवार सुबह तक की चौबीस घंटे की अवधि में पश्चिमी राजस्थान में कहीं कहीं पर तथा पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वर्षा दर्ज की गई है।

सबसे अधिक बारिश की बात की जाए तो फलोज (डूंगरपुर) में 100 मिलीमीटर, चौथ का बरवाड़ा (सवाई माधोपुर) में 94 मिलीमीटर व रानीवाड़ा, जालौर में 59.0 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अनुसार एक नए दबाव क्षेत्र के प्रभाव से मंगलवार को पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों में मध्यम से तेज बारिश होने तथा कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

वहीं 11-12 सितंबर को पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, कोटा, उदयपुर व जयपुर संभाग के कुछ भागों में भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना है।



चिकित्सा विभाग एवं सीआईएफएफ के बीच एमओयू

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में मिलेगा सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिल्ड्रन्स इन्वेस्टमेंट फण्ड फाउंडेशन (सीआईएफएफ) के बीच मंगलवार को शासन सचिवालय में एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। एमओयू पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ एवं सीआईएफएफ की ओर से कार्यकारी निदेशक मंजुला सिंह ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव श्रीमती राठौड़ ने कहा कि एमओयू से प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने में तकनीकी सहयोग प्राप्त होगा। राज्य के परिवार नियोजन कार्यक्रम को भी मजबूत किया जा सकेगा। साथ ही, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में सुगमता होगी। सीआईएफएफ के माध्यम से एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए बेहतर उपचार विकल्प तैयार किए जाएंगे।

श्रीमती राठौड़ ने बताया कि इस पांच-वर्षीय एमओयू के तहत महिलाओं और बच्चों के जीवन स्तर में सुधार पर फोकस किया जाएगा। एमओयू के तहत सीआईएफएफ की ओर से विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के साथ ही महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधारात्मक गतिविधियों के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा।

सीआईएफएफ के संस्थापक सर क्रिस हॉन ने कहा कि एकीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलने से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की स्थितियां बेहतर होंगी।

उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में राजस्थान सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार के साथ सीआईएफएफ की लंबी साझेदारी रही है। उनका फाउंडेशन बच्चों के लिए एक स्वस्थ, भेदभाव मुक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. भारती दीक्षित, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत, एसपीएम डॉ. लोकेश चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी एवं सीआईएफएफ व जपाईगो संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# ओम बिरला ने बाबा रामदेव जी की समाधि पर पूजा अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। राजस्थान में जैसलमेर जिले के रामदेवरा के प्रवास पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। बिरला डेढ़ किलोमीटर तक पदयात्रा करते हुए बाबा के धाम पहुंचे और पूजा अर्चना करके देश में खुशहाली की कामना की। बिरला के साथ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, बाड़मेर जैसलमेर के सांसद उम्मेदा राम बेनीवाल सहित अन्य विधायक, जन प्रतिनिधि एवं भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन भी मौजूद रहे।

बिरला ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान ही नहीं बल्कि देशभर के असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र रामदेवरा में बाबा के दर्शन के लिए आना मेरे लिए सुखद क्षण है। बाबा रामदेव जी की महिमा अपरंपार है, उनका जीवन हम सभी के लिए एक उज्ज्वल प्रेरणा है। उनका आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे और हम उनके आदर्शों पर चलते हुए एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा कि सर्वधर्म सद्भाव के प्रतीक बाबा रामदेव जी ने सामाजिक भेदभाव का विरोध करते हुए असहायों को सशक्त बनाने में जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श हमारे प्रेरक मार्गदर्शक हैं। हम सभी उनके आदर्शों का पालन करें और समाज में समरसता, एकता, और भाईचारे का संदेश फैलाएं। बाबा रामदेव जी का जीवन केवल एक संत या महापुरुष का जीवन नहीं था।



# भजनलाल ने सियोल टेक्निकल हाई स्कूल का दौरा किया

सियोल/जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को सियोल टेक्निकल हाई स्कूल का दौरा किया। शर्मा ने इस दौरान नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली छात्रों के अनुरूप उल्लेखनीय पहलों को देखा और स्कूल के प्रिंसिपल जोबोक ली और स्कूल के अन्य अधिकारियों, शिक्षकों और छात्रों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने स्कूल के अंदर बने एडवांस्ड टेक्नीकल सेंटर को भी देखा एवं छात्रों से बातचीत की और कक्षाओं में पढ़ाई जा रही अत्यधिक उन्नत एआई तकनीक का अनुभव किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना बहुत अच्छा है और इससे लोगों को रोजगार पाने और अच्छी नौकरी/भूमिकाएँ पाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवसरों की कमी नहीं है और स्कूल के अधिकारी ऐसा ही एक संस्थान राजस्थान में लगाने का विचार कर सकते हैं।

## चालक की लापरवाही से दस पर्यटक संकट में फंसे

भरतपुर। राजस्थान में सवाई माधोपुर के विश्वविख्यात रणथंभौर बाघ राष्ट्रीय पार्क में मंगलवार को सफारी के दौरान एक कैंटर चालक की लापरवाही से करीब 10 पर्यटकों की जान संकट में पड़ गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्क के कैंटर चालक कुंडाल वन क्षेत्र में पर्यटकों को निर्धारित रास्ते की बजाय दूसरे रास्ते से ले गया। रास्ते में एक बरसाती नाले को पार करने के दौरान तेज बहाव में उसने कैंटर उतार दिया।



# राज्य में सीएनजी-पीएनजी आधारभूत संरचना का होगा विस्तार

जयपुर। राज्य में सीएनजी- पीएनजी आधारभूत संरचना के विस्तार के लिए राज्य सरकार ने कवायद आरंभ की है। इस संबंध में मंगलवार को मुख्यमंत्री के विशेष शासन सचिव संदेश नायक ने प्रदेश में कार्यरत सीजीडी संस्थाओं के साथ वर्चुअली बैठक कर बताया कि राज्य सरकार का प्रदेश में सीएनजी-पीएनजी सेवाओं के विस्तार पर खास फोकस है। राज्य सरकार द्वारा सीजीडी पॉलिसी भी तैयार की जा रही है ताकि प्रदेश में सीएनजी-पीएनजी सुविधाओं का बिना किसी अवरोध के तेजी से विस्तार हो सके। अजय शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने परिवर्तित बजट घोषणा में प्रदेश में एक लाख सीएनजी कनेक्शन जारी करने और 2 हजार किमी पाईप लाईन बिछाने की घोषणा की है। एमडी आरएसजीएल रणवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत सीजीडी संस्थाओं को सीएनजी-पीएनजी सुविधाओं के विस्तार के लिए आधारभूत ढांचा तैयार करने में सहयोग और समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई और धरातल स्तर पर आने वाली समस्याओं की पहचान करने के साथ ही उसके समाधान के संभावित विकल्पों पर विचार विमर्श किया गया।

राज्य की सीजीडी पॉलिसी में सीएनजी-पीएनजी सुविधाओं के विस्तार के लिए सीजीडी संस्थाओं द्वारा पाईप लाईन बिछाने से लेकर सीएनजी स्टेशन स्थापित करने, अन्य आधारभूत ढांचा विकसित कर अधिक से अधिक पाईप लाईन से घरेलू गैस कनेक्शन, व्यवसायिक और औद्योगिक संस्थानों को सीएनजी- पीएनजी गैस सप्लाई से जोड़ने आदि कार्यों के निर्बाध संचालन में आ रही बाधाओं को चिन्हित कर उन्हें पॉलिसी डाक्यूमेंट तैयार कर दूर कराने पर विचार विमर्श हुआ।

## ओडिशा सरकार ने वर्ष 2000 से 2023 तक 482 परियोजनाओं के लिए 26.75 लाख पेड़ काटे : मंत्री

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने खनन, सड़क, सिंचाई और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों में 482 परियोजनाओं के निष्पादन के लिए वर्ष 2000 से 2023 तक 26.75 लाख से अधिक पेड़ काटे हैं। राज्य सरकार के एक मंत्री ने यह जानकारी दी। राज्य के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री गणेश राम सिंहखुंटिया ने मंगलवार को विधानसभा में यह जानकारी दी।

मंत्री ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अनुसार, राज्य सरकार ने वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित 482 परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 42,190 हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग किया और वर्ष 2000 से 2023 की अवधि के दौरान 25,75,191 पेड़ों को काट दिया।

# वन क्षेत्र में कमी के कारण मानव-पशु संघर्ष होता है : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां कहा कि वन क्षेत्र में कमी के कारण मानव-पशु संघर्ष होता है।

आदित्यनाथ यहां लोकभवन में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे जिस दौरान उन्होंने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 647 वन रक्षकों/वन्यजीव रक्षकों व 41 अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि असमय जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों का सामना न केवल वन्यजीवों, बल्कि मानवों को भी करना पड़ेगा और वन के दायरे कम होने के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष की नौबत आती है।

मुख्यमंत्री ने कहा, इस सीजन में हर वर्ष देखने को मिलता है कि वन्यजीव हिंसक हो रहे हैं। वन्यजीव व मानव संघर्ष के कारण जनहानि हो रही है। यह जनहानि परिवार व समाज की हानि है। इस कारण कई परिवार अनाथ हो जाते हैं।

आदित्यनाथ का यह बयान उस दिन आया है जब बहराइच के महसी तहसील में जारी 'ऑपरेशन भेड़िया' के तहत पांचवें भेड़िये को पकड़ लिया गया। यह अभियान छह भेड़ियों के झुंड को पकड़ने के लिए चलाया जा रहा है, जिन्होंने जुलाई के मध्य से अब तक आठ लोगों की जान ले ली है और 20 से अधिक लोगों को घायल कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वन्यजीवों के इलाकों में जलभराव व अतिक्रमण होगा तो वे दूसरे क्षेत्रों की तरफ पलायन करेंगे जिससे मानव बस्तियां चपेट में आती हैं।

आदित्यनाथ ने कहा कि इसलिए वन-वन्यजीव रक्षकों को स्वयं प्रशिक्षित होने के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित करना होगा। उन्होंने ने कहा, तराई के जिन जिलों में यह घटनाएं हुई हैं, यह वे क्षेत्र हैं, जहां जंगल और खेत एक-दूसरे से सटे हैं। जंगल के अंदर पानी भरा तो जानवर खेत की तरफ आते हैं। कोई व्यक्ति अचानक खेत में गया तो जंगली जानवर हिंसक हो जाते हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक व सोलर फेंसिंग की जानी चाहिए।

## कांग्रेस अर्से से आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है : मायावती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने आरक्षण के संदर्भ में राहुल गांधी के बयान को लेकर मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। मायावती ने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी के इस बयान से स्पष्ट है कि उनकी पार्टी वर्षों से अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण खत्म करने के षड्यंत्र में लगी है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद कार्यक्रम में भारत में आरक्षण कब तक जारी रहेगा, इस सवाल पर कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी लेकिन अभी ऐसा नहीं है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार टिप्पणियां करते हुए राहुल के इस बयान की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा, ''केन्द्र में काफी लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी नीत सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया और ना ही देश में जातीय जनगणना कराई। अब यह पार्टी इसकी (जातिवार जनगणना) आड़ में सत्ता में आने के सपने देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहें जो भविष्य में कभी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी।''



## तेजस्वी ने राहुल का समर्थन किया, कहा- जो लोग 400 पार का दावा करते थे, वे 240 पर सिमट गए

**समस्तीपुर (बिहार)/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस आरोप का समर्थन किया कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हुए होते तो भाजपा 240 सीट तक भी नहीं पहुंच पाती। लोकसभा में विपक्ष के नेता फिलहाल अमेरिका की यात्रा पर हैं और वहां सोमवार को प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में उन्होंने दावा किया कि अगर निष्पक्ष चुनाव होता तो भाजपा 240 सीटों के आसपास भी नहीं आती। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव से गांधी के इस आरोप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि भाजपा के विरोधियों पर केंद्रीय जांच एजेंसियों को खुला छोड़ दिया जाता है। दूसरी ओर, जैसा कि हमने महाराष्ट्र में देखा है, केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के साथ गठबंधन करने से पिछले सभी पाप धुल जाते हैं। यादव का इशारा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की ओर था। अजित पवार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे जिसके कुछ दिनों बाद वह अपने चाचा शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा को तोड़ पश्चिमी राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में शामिल हो गए थे।

## मणिपुर में कानून का राज ध्वस्त, प्रधानमंत्री के पास दौरे का समय नहीं: कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मणिपुर में इंटरनेट सेवा निलंबित किए जाने के बाद मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रदेश में कानून का राज ध्वस्त हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि वह दुनिया के विभिन्न देशों का दौरा करते हैं, लेकिन उन्हें मणिपुर जाने का समय नहीं मिला। मणिपुर सरकार ने छात्रों के उग्र आंदोलन के बीच मंगलवार को राज्य में इंटरनेट सेवा पांच दिन के लिए निलंबित कर दी। राज्य के गृह विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि यह निर्णय तस्वीर, नफरती भाषण और नफरती वीडियो के प्रसार के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए लिया गया है। रमेश ने प्रधानमंत्री के एक भाषण का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''यहां नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री मणिपुर के लोगों से कह रहे हैं कि वह 15 महीनों में वह कर देंगे जो कांग्रेस 15 वर्षों में नहीं कर सकी। क्या सच में! मणिपुर के समाज के सभी वर्गों से निर्णायक जनादेश मिलने के 15 महीनों के भीतर, उन्होंने राज्य को आग में जलने दिया। यह अभी भी जल रहा है और कोई राहत नजर नहीं आ रही है।'' उन्होंने दावा किया, उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि राज्य में संवैधानिक तंत्र ध्वस्त हो गया है।

## राहुल के सच बोलने से भाजपा का तंत्र घबरा गया है : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने अमेरिका में राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के सच बोलने से भाजपा का पूरा तंत्र घबराया और लड़खड़ाया हुआ है। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि भाजपा को यह समझना चाहिए कि उसकी या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निंदा भारत की निंदा नहीं है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भाजपा का तंत्र घबराया हुआ है और लड़खड़ा रहा है क्योंकि राहुल गांधी जी ने बिल्कुल सच बोला है। ''मोदी का बुलबुला'' फूट गया है। उनकी डर की राजनीति विफल हो गई है, और कोई भी उन्हें या उनके 'चीयरलीडर्स के बैंड' को गंभीरता से नहीं लेता है।'' उन्होंने कहा, ''राहुल जी ने बार-बार भाजपा-आरएसएस की नफरत और विभाजन की खतरनाक राजनीति के बारे में आगाह किया है। उनका पूरा मिशन सार्वजनिक जीवन में प्यार, सम्मान और विनम्रता लाना तथा इस विचार को बढ़ावा देना है कि भारत एक ऐसा देश है जहां कई विचार और पहचान सह-अस्तित्व में हैं।''कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस इस समावेश के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा, ''भाजपा के लिए अमेरिका में राहुल जी द्वारा दिए गए बयानों के बारे में शिकायत करना भी पाखंड है क्योंकि प्रधानमंत्री अपनी घिसी-पिटी बात कि '2014 से पहले 60 वर्षों में कुछ नहीं हुआ' को दोहराने का एक भी मौका नहीं चूकते, जो वास्तव में एक अपमान है।''

## अवैध धर्मांतरण मामले में उमर गौतम समेत 15 आरोपी दोषी करार

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की विशेष अदालत ने अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में आरोपी उमर गौतम और 15 अन्य को मंगलवार को दोषी करार दिया। विशेष एटीएस अदालत ने सभी दोषियों को जेल भेज दिया है। अभियोजन पक्ष ने बताया कि दोषियों को अदालत बुधवार को सजा सुनाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस के मुताबिक, मोहम्मद उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि वे एक संगठन का संचालन कर रहे थे जो उत्तर प्रदेश में मूक- बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराने में शामिल था और इसके लिए उन्हें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से धन मिलने का संदेह था। उत्तर प्रदेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने तब बताया था कि लखनऊ के एटीएस थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उत्तर प्रदेश एटीएस ने ये गिरफ्तारियां की थीं। मौजूदा पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार उस समय एटीएस के अपर पुलिस महानिदेशक का दायित्व संभाल रहे थे। उन्होंने बताया था कि उमर गौतम पहले हिंदू था लेकिन उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया और धर्मांतरण कराने में सक्रिय हो गया।

## विदेश में 'संवेदनशील मुद्दों' पर बोलकर 'खतरनाक विमर्श' गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं राहुल : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमेरिका में सिख समुदाय के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष विदेश में 'संवेदनशील मुद्दों' पर बोलकर 'खतरनाक विमर्श' गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल की टिप्पणी 'भयावह' है, क्योंकि उन्होंने अपनी रोटियां सेकने के लिए विदेशों में रह रहे सिख समुदाय के सदस्यों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की।

सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले भाजपा नेता ने कहा, ''सिखों के पगड़ी और कड़ा पहनने के बारे में उनके द्वारा की गई टिप्पणी की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।'' कांग्रेस के शासनकाल में हुए 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र करते हुए पुरी ने कहा, ''हमारे इतिहास में अगर कोई समय रहा है जब एक समुदाय के रूप में हमने चिंता, असुरक्षा की भावना और अस्तित्व के खतरे को महसूस किया है तो यह ऐसा समय था जब राहुल गांधी का परिवार सत्ता में था।'' उन्होंने कहा, ''1984 में सिख समुदाय के खिलाफ नरसंहार किया था। 3,000 निर्दोष लोग मारे गए। लोगों को घसीटकर उनके घरों से बाहर निकाला गया, उनके गले में टायर डाल जिंदा जला दिया गया।'' कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए पुरी ने कहा कि राहुल गांधी हाल में संवेदनशील मुद्दों पर बयान देते रहे हैं, जिसमें राष्ट्रीय पहचान, एकता और विविधता शामिल है।



## पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता को 75 लाख, रजत और कांस्य विजेता को 50 और 30 लाख रुपए मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल में संपन्न पेरिस पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को मंगलवार को नकद पुरस्कार दिए जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए दिए गए।

तीरंदाज शीतल देवी की तरह मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया। यहां पदक विजेताओं और पेरिस पैरालंपिक के अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह में खेल मंत्री ने पदक विजेताओं को चैक सौंपे।

मांडविया ने 2028 लॉस एंजिलिस पैरालंपिक में अधिक पदक जीतने के लिए पैरा खिलाड़ियों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा, ''देश पैरालंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में 4 पदकों से, भारत ने टोक्यो में 19 पदक, पेरिस में 29 पदक जीते और 18वें स्थान पर रहा।'' मांडविया ने कहा, ''हम अपने सभी पैरा खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में और अधिक पदक तथा स्वर्ण पदक जीत सकें।'' खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, ''आपने देश का सम्मान बढ़ाया है, आपने दिखाया है कि आप जीवन की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''आपको अब रुकना नहीं चाहिए। हमें लॉस एंजिलिस में पैरालंपिक (2028 में) और फिर 2032 के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए और अधिक से अधिक पदक जीतने चाहिए। हमारा लक्ष्य 2036 में संभवत: भारत की मेजबानी में ओलंपिक और पैरालंपिक का आयोजन किए जाने पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होना चाहिए।''

## 'मौजूदा दौर के भारतीय शतरंज खिलाड़ी मौके का फायदा उठाने में माहिर'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व चैंपियन प्रतियोगी से 'मार्गदर्शक-सह-खेल प्रशासक' के रूप में 'धीरे-धीरे ढल' रहे दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों की वर्तमान पीढ़ी मौके को भुनाने के मामले में काफी माहिर है।

भारत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक 54 साल के आनंद अगले महीने लंदन में होने वाली टेक-महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है जहां वह गंगा ग्रैंडमास्टर्स टीम का हिस्सा होंगे। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 'पीटीआई' को दिये साक्षात्कार में बुधवार से शुरू होने वाले शतरंज ओलंपियाड में भारत की संभावनाओं, देश के ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के प्रदर्शन, युवा खिलाड़ियों की स्वर्णिम पीढ़ी को तैयार करने और आगे बढ़ने की योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा जैसे खिलाड़ियों के करियर को आकार देने का श्रेय काफी हद तक आनंद को जाता है लेकिन उन्होंने कहा कि इसमें उनकी भूमिका काफी सीमित है। इन खिलाड़ियों के विकास का श्रेय उनके निजी कोच और माता-पिता को जाता है। उन्होंने कहा, ''मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं, निश्चित रूप से चार साल पहले वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी (डब्ल्यूएसीए) शुरू करने में सक्षम होना एक अच्छी परियोजना थी। यह उन स्कूलों से प्रेरित था जो मैंने 30-40 साल पहले सोवियत संघ में देखे थे।'' उन्होंने कहा,''मैंने कई जगहों से कुछ सीखने की कोशिश की। (उस समय) भारतीय खिलाड़ी लगातार शीर्ष 200 में आ रहे थे, लेकिन शीर्ष 100 में नहीं पहुंच पा रहे थे। मैं प्रतिभा का समर्थन कर के इस दूरी को पाटने की कोशिश कर रहा था।'' आनंद ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम सफल रहे हैं। हमारे लिए यह बहुत रोमांचक है कि गुकेश पहले से ही विश्व चैंपियनशिप खेल रहा है। इसमें हालांकि बहुत सारे लोगों का सहयोग है। इसमें सिर्फ डब्ल्यूएसीए शामिल नहीं है, इसमें उसके माता-पिता, उनके कोच भी शामिल है। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करते है कि हम सही तरीके से तालमेल बिठा सके।'' गुकेश, प्रज्ञानानंदा और एक अन्य युवा स्टार आर वैशाली बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में प्रतिस्पर्धा करेंगे। आनंद को उम्मीद है कि परिणाम 2022 सत्र से बेहतर होंगे जब पुरुष और महिला दोनों टीमों ने कांस्य पदक जीते थे।




## पश्चिम बंगाल: जूनियर चिकित्सकों ने काम पर लौटने के न्यायालय के निर्देश की अवज्ञा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्देश की अवज्ञा करते हुए कहा कि वे अपनी मांगें पूरी होने और आरजी कर अस्पताल घटना की पीड़िता को न्याय मिलने तक ड्यूटी पर नहीं जाएंगे।

शीर्ष अदालत ने एक दिन पहले, प्रदर्शनकारी रेजिडेंट डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश देते हुए कहा था कि ऐसा करने पर उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी।

न्यायालय ने यह निर्देश पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा यह आश्वासन दिए जाने के बाद दिया कि काम पर लौटने पर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के खिलाफ दंडात्मक तबादलों सहित कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आंदोलनकारी चिकित्सकों में से एक ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हमारी मांगें पूरी नहीं होने के कारण हम काम बंद रखेंगे। हमने राज्य सरकार को कोलकाता पुलिस आयुक्त, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और चिकित्सा शिक्षा निदेशक को शाम पांच बजे तक पद से हटाने को कहा था। हम चर्चा के लिए तैयार हैं।''

जूनियर डॉक्टरों ने 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सेमिनार कक्ष में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला (चिकित्सक) का शव मिलने के कुछ घंटों बाद काम बंद कर दिया था।

## केंद्र ने सीआरपीएफ के 2,000 और जवान मणिपुर भेजे

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र ने जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर में सुरक्षा ड्यूटी के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दो नई बटालियन की तैनाती का निर्देश दिया है, जिनमें करीब 2,000 जवान होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि बटालियन संख्या-58 को वारंगल (तेलंगाना) से, जबकि बटालियन संख्या-112 को लातेहार (झारखंड) से भेजा जा रहा है। एक बटालियन को मणिपुर के कांगवई (चुराचांदपुर) जबकि दूसरी बटालियन को इंफाल के आसपास तैनात किया जाएगा। सूत्रों ने बताया यह कदम जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के कुछ अन्य हिस्सों में तैनाती के लिए मणिपुर से असम राइफल्स की दो बटालियन को वापस बुलाए जाने के बाद उठाया गया है। गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि इन दो नई बटालिन की सभी कंपनियां (लगभग 6-6) हिंसा प्रभावित राज्य के विभिन्न भागों में तैनात रहेंगी।

## विनेश को अभी राजनीति में नहीं आना चाहिए था : फोगाट



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** महिला पहलवान विनेश फोगाट के ताऊ और जाने-माने कुश्ती कोच महावीर फोगाट ने कहा कि उनकी भतीजी को इस समय राजनीति में शामिल नहीं होना चाहिए था और 2028 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए था।

उनकी यह टिप्पणी तब आई है जब कांग्रेस ने विनेश को पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जुलाना से उम्मीदवार बनाया है।

बहरहाल, महावीर ने विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार हरियाणा में सत्ता में आएगी। उनकी बेटी एवं ओलंपियन बबीता फोगाट 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गयी थीं। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता बबीता ने दादरी से 2019 का विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन वह हार गयी थीं।

विनेश के कांग्रेस में शामिल होने के बारे में पूछने पर द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित महावीर ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''यह उनका फैसला है...आजकल बच्चे अपने फैसले खुद लेते हैं।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि जब हाल में उन्होंने विनेश से बात की थी तो उसका राजनीति में शामिल होने का कोई इरादा नहीं था।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले साल पहलवानों के प्रदर्शन में अग्रिम मोर्चे पर रहे विनेश और ओलंपियन पहलवान बजरंग पूनिया शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

महावीर ने कहा, ''मेरी इच्छा थी कि वह अपने खेल पर ध्यान लगाए और 2028 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीते। मुझे लगता है कि उसे अभी राजनीति में नहीं आना चाहिए था। मैं चाहता हूं कि वह पहलवानी जारी रखें।''

यह पूछने पर कि क्या उनकी भतीजी ने राजनीति में आने से पहले उनसे सलाह-मशविरा किया था, इस पर महावीर ने कहा, ''इस बारे में कोई बात नहीं हुई। अगर होती तो मैं उसे राजनीति में न आने की सलाह देता। लेकिन आजकल बच्चे अपने फैसले खुद लेते हैं।'' कांग्रेस के हरियाणा से भाजपा को सत्ता से बाहर करने के दावे पर उन्होंने कहा, ''जब आठ अक्टूबर को नतीजे आएंगे तो आप देखेंगे। भाजपा सत्ता में लौटेगी।''

## सुविचार

**जितना शक आप अपनी क़ाबिलियत पर करेंगे, उतना नाक़ाबिल आपको ज़माना समझने लगेगा!**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बड़ी साजिश के संकेत

उत्तर प्रदेश के कानपुर और राजस्थान के अजमेर जिले में दो ट्रेनों को क्रमश: विस्फोटक एवं अवरोधक लगाकर पटरी से उतारने की कोशिशें किसी बड़ी साजिश की ओर संकेत करती हैं। हाल में कुछ और इलाकों में ट्रेनों के बेपटरी होने की घटनाएं हुई थीं। कहीं उनके पीछे भी ऐसी साजिश तो नहीं थी? कानपुर जिले में कालिंदी एक्सप्रेस के मार्ग में जिस तादाद में विस्फोटक रखे गए, उनकी तस्वीरें देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यह तो ट्रेन चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए आपातकालीन ब्रेक लगा दिए, अन्यथा सैकड़ों लोगों की जानें जा सकती थीं। अपराधियों ने रसोई गैस सिलेंडर के अलावा पेट्रोल से भरी बोतल, माचिस और ऐसी कई चीजें रखी थीं, जो अत्यंत ज्वलनशील होती हैं। अगर उनकी मंशा के मुताबिक सिलेंडर में धमाका हो जाता तो ट्रेन के इंजन से लेकर सवारी डिब्बों तक आग तेजी से फैलती। जब तक अग्निशमन सेवाएं पहुंचतीं, ज्यादातर लोग जान गंवा चुके होते और कई गंभीर रूप से झुलस जाते। वहीं, अजमेर जिले में मालगाड़ी को पटरी से उतारने के लिए सीमेंट के ब्लॉक रखे गए थे। सौभाग्य से वहां भी हादसा टल गया। इन घटनाओं से सबसे बड़ा सवाल यह पैदा होता है कि ट्रेनों को पटरी से उतारने, उन्हें विस्फोटकों से उड़ाने की कोशिशों के पीछे किसका हाथ है? क्या ऐसी हरकतें विदेशी ताकतों (खासकर पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों) के इशारों पर हो रही हैं? कालिंदी एक्सप्रेस मामले की जांच एनआईए की टीम कर रही है। उम्मीद है कि वह इस अपराध के जिम्मेदारों को बेनकाब करेगी। कानपुर और अजमेर में ट्रेनों को नुकसान पहुंचाने के लिए जो हथकंडे अपनाए गए, उन पर गौर करें तो शक होता है कि अपराधियों को किसी ने ऐसे तरीके अपनाने की पट्टी पढ़ाई होगी, जिसमें कोई बड़ा 'साजो-सामान' लाने का जोखिम न हो और नुकसान ज्यादा से ज्यादा हो।

गैस सिलेंडर, बोतल, पेट्रोल, माचिस जैसी चीजें हर घर में आसानी से मिल जाती हैं। अगर कोई इन्हें लेकर जाए तो कौन शक करेगा? इसी तरह सीमेंट का ब्लॉक भी शक के दायरे में नहीं आता। रोजाना इस्तेमाल होने वाली और सामान्य दिखने वाली चीजों से बड़ी वारदात करने के तरीके तलाशना आम शरारती तत्त्वों के बस की बात नहीं होती। ऐसी खुराफात वही कर सकता है या सिखा सकता है, जिसका काम ही विध्वंसक तौर-तरीके खोजना हो। ट्रेन की पटरियों पर सिक्के, ब्लेड, साबुन, कंकर, बोतल जैसी चीजें रखकर वीडियो बनाने की घटनाएं कई बार हुई हैं। ऐसे 'प्रयोग' खतरनाक हो सकते हैं। लिहाजा इन्हें नहीं करना चाहिए। रेलवे द्वारा समय-समय पर ऐसे तत्त्वों को चेतावनी दी जाती है, कार्रवाई भी की जाती है। ट्रेन की पटरियां मौज-मस्ती और 'प्रयोग' करने की जगह नहीं हैं। यहां की गई शरारत कई लोगों की जान जोखिम में डाल सकती है। सुरक्षा बलों की सख्ती के बाद ऐसे शरारती तत्त्व अपनी हरकतों से बाज़ आ जाते हैं। वहीं, जो तत्त्व आम लोगों को जान-माल का नुकसान पहुंचाने की नीयत से ट्रेनों को निशाना बनाते हैं, उनकी एक मंशा जनता में भय फैलाने की भी होती है। अगर वे अपने नापाक इरादों में कामयाब हो जाएं तो क्या होगा? लोगों में अफरा-तफरी फैलेगी, वे ट्रेन के सफर से परहेज करेंगे और सरकार को आड़े हाथों लेंगे कि हमारी जान की परवाह नहीं है! कालिंदी एक्सप्रेस भिवानी (हरियाणा) जा रही थी, जहां विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। अगर इसके साथ कोई अप्रिय घटना हो जाती तो यह बहुत बड़ा मुद्दा बन सकता था! उक्त घटनाओं से सबक लेते हुए सरकार को चाहिए कि वह पटरियों को अधिक सुरक्षित बनाए, जगह-जगह गुप्त कैमरे स्थापित कर पटरियों की निगरानी की जाए, जरूरत हो तो ड्रोन या कोई अन्य तकनीक इस्तेमाल की जाए। राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर एकजुटता दिखाएं। जांच एजेंसियां फुर्ती दिखाते हुए अपराधियों के गिरेबान तक पहुंचें। उनके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाकर मामले को तेजी से आगे बढ़ाएं। ऐसे अपराधियों पर भारी जुर्माना लगाने के साथ ही उनके लिए आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक के कानूनी प्रावधान किए जाएं।

## ट्वीटर टॉक



राहुल गांधी जब विदेश जाते हैं तो राष्ट्र विरोधी बातें करते हैं। इंदिरा गांधी उनकी दादी ने भी कभी विदेश जाकर भारत की बुराई नहीं की लेकिन पोता हमेशा अपने देश की बुराई में लगा रहता है। राहुल गांधी को अभी राष्ट्र भक्ति की जरूरत है।

**-मदन राठौड़**



यह बेहद दुर्भाग्य की बात है कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री जी विदेश जाकर वहां के उद्यमियों से राजस्थान में आकर निवेश करने की बात कर रहे हैं पर राजस्थान के मार्बल-ग्रेनाइट उद्यमियों की मांगों को प्रदेश की भाजपा सरकार केन्द्र के सामने क्यों नहीं रख रही है।

**-अशोक गहलोत**



राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित 'शक्ति उत्सव' कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित इस विशेष कार्यक्रम ने महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**-दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# इंसानी गरिमा का सम्मान

एक बार ईश्वर चंद्र विद्यासागर अपने एक मित्र के साथ कलकत्ता की सड़कों पर टहल रहे थे। उन्होंने देखा कि एक गरीब रिक्शा चालक अपने रिक्शे को खींचने में बहुत कठिनाई का सामना कर रहा है। रिक्शे पर एक मोटा आदमी बैठा था जो लगातार रिक्शा चालक को डांट रहा था कि वह तेजी से चले। विद्यासागर जी यह देखकर बहुत व्यथित हुए। वे तुरंत रिक्शा चालक के पास गए और उससे कहा कि वह थोड़ा आराम कर ले। फिर उन्होंने खुद रिक्शे को खींचना शुरू कर दिया। उनके मित्र और आस-पास के लोग यह देखकर स्तब्ध रह गए। कुछ दूर चलने के बाद रिक्शे पर बैठे व्यक्ति ने पीछे मुड़कर देखा और उसे अहसास हुआ कि उसका रिक्शा खींच रहे व्यक्ति कोई और नहीं बल्कि प्रसिद्ध समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर हैं। वह तुरंत रिक्शे से उतर गया और विद्यासागर जी से क्षमा मांगने लगा। विद्यासागर जी ने उस व्यक्ति को समझाया कि हर इंसान की गरिमा का सम्मान करना चाहिए, चाहे वह किसी भी वर्ग या पेशे का हो। उन्होंने कहा कि सच्चा सम्मान पद या धन से नहीं, बल्कि मानवता और करुणा से आता है।

## सामयिक

# ट्रेनों को बेपटरी कर निर्दोषों की जान लेने का आतंकी मोड्यूल

मनोज कुमार अग्रवाल

मोबाइल : 9219179431



देश में ट्रेन को बेपटरी कर निर्दोषों का खून खराबा करने की एक बड़ी साजिश को किसी आतंकी मोड्यूल के तहत बारंबार रिहर्सल कर अंजाम देने की कोशिश की जा रही है। कौन हैं यह देश के छिपे गद्दार जो किसी मजहबी कट्टरपंथी सोच या पैसे के लिए देश की रेल को बार बार पटरी से उतारने का खूनी खेल रचने के लिए उतावले है? आप जानते हैं कि भारतीय रेल दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है दुनिया के कई देशों की कुल आबादी के बराबर की तादाद में लोग हमारी रेल में हर समय सफर कर रहे होते हैं। दरअसल, भारतीय रेलवे से हर दिन एक लाख किमी से अधिक फैले देशव्यापी ट्रेक नेटवर्क पर करीब ढाई करोड़ यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाती है। इन दिनों देश में रेल हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है अधिकांश हादसे ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण हो रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 14 महीनों में चार बड़े रेल हादसे हुए हैं, जिसमें 320 से ज्यादा यात्रियों ने अपनी जान गंवाई है। रेल को पटरी से उतारने के पीछे असामाजिक तत्वों की शरारत भरी साजिश की आशंका व्यक्त की जा रही थी लेकिन ताजा हादसे में शरारती तत्वों की साजिश के पुख्ता प्रमाण मिले हैं।

कानपुर मंडल में बीते 24 दिनों में तीसरी बार ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश हो चुकी है। गनीमत रही कि तीनों ही साजिश में ट्रेन संचालन तो बाधित हुआ पर किसी में कोई जनहानि नहीं हुई। तीन में से 2 साजिश कानपुर-कासगंज रेलमार्ग पर तो एक साजिश कानपुर-झांसी रेलमार्ग पर रची गई। देश भर में ट्रेनों को बेपटरी कर हजारों रेल यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने की कोशिश की जा रही है। यकायक कुछ माह के भीतर ही ऐसी अनेक हादसों की तादाद बढ़ जाना चिंता का विषय है। शुरू में इन हादसों को सामान्य रखरखाव में चूक माना गया लेकिन इस के बाद देश के कई हिस्सों में जिस तरह ट्रेन बेपटरी होने की वारदातों की झड़ी लगी है उसने साफ कर दिया है कि इन हादसों के पीछे सोची समझी साजिश काम कर रही है।

झांसी रेलमार्ग पर बोल्डर को ट्रैक से बांधकर साबरमती एक्सप्रेस को दुर्घटनाग्रस्त करने की जांच ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। हाल ही में कानपुर-बिल्हौर के बीच कालिंदी एक्सप्रेस के सामने भरा गैस सिलेंडर रख उड़ाने की कोशिश की गई पूर्वोत्तर रेलवे ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। आपको बता दें कि इस से पहले भी दो बार इस तरह की वारदातों को अंजाम देने का षडयंत्र रचाई जा चुका है। इनमें नं 1. साबरमती एक्सप्रेस- 22 डिब्बे पटरी से उतरे-पहली घटना 16 अगस्त को कानपुर से अहमदाबाद को चली 19168 साबरमती एक्सप्रेस गोविंदपुरी और भीमसेन के पास बोल्डर (रेल पीस) से टकरा गई। फिर इंजन सहित 22 कोच डिरेल हो गए। वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी), जिला पुलिस और एनआईए की जांच में पता चला है कि पुरानी रेल का 1.10 मीटर टुकड़ा झांसी रेलमार्ग पर बोल्ट से बांधा गया था। मौके से रेल टुकड़ा मिला था।दूसरी घटना फर्रुखाबाद-कासगंज पैसेंजर 16 दिन पहले फर्रुखाबाद में घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई। बीती 24 अगस्त को फर्रुखाबाद से कासगंज जा रही पैसेंजर ट्रेन के आगे ट्रैक पर लकड़ी का गट्ठर रख दिया गया था। ट्रेन की स्पीड अधिक होने से बड़ा हादसा टला था।अब यह तीसरी वारदात है जिसमें सिलेंडर, पेट्रोल बम रखकर साजिश कल यानी रविवार देर रात को कासगंज रूट पर ट्रैक पर भरा सिलेंडर रखकर पलटाने की साजिश की गई। मौके पर पेट्रोल बम भी मिलने की आशंका है। फिलहाल ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। जांच की जा रही है।

तीनों ही मामले ट्रैक से जुड़े हैं। रेलवे की खुफिया एजेंसी का कहना है कि लगता है कि किसी की साजिश है। इज्ज़तनगर के पीआरओ राजेंद्र सिंह का कहना है कि कालिंदी एक्सप्रेस के सिलेंडर से टकराने का मेमो चालक राजकिशोर ने दिया है। इसकी आरपीएफ टीम जांच कर रही है। सच्चाई का जल्द खुलासा होगा। शिवराजपुर की मुंढेरी क्रॉसिंग के पास कालिंदी एक्सप्रेस से सिलेंडर टकराने की घटना के बाद दो कोल्ड स्टोरेज, भोजनालय और पेट्रोल पम्प समेत अन्य प्रतिष्ठान जांच के दायरे में आ गए हैं। पुलिस और खुफिया एजेंसियों की टीम इन प्रतिष्ठानों के लोगों से सम्पर्क कर वहां से सीसीटीवी फुटेज जुटाने का प्रयास कर रही है।

घटनास्थल के 100 से लेकर 300 मीटर के दायरे में दो कोल्ड स्टोरेज, एक भोजनालय, पेट्रोल पम्प और एक मैदा मिल है। फायर स्टेशन क्रॉसिंग के पास ही बना है। पुलिस अफसरों और खुफिया एजेंसियों के लोगों ने सरकारी संस्थानों के अलावा कोल्ड स्टोरेज, मैदा मिल और भोजनालय संचालक से सम्पर्क किया है। पुलिस को जांच करने के दौरान दो सीसीटीवी कैमरे लगे होने की जानकारी मिली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर से आबादी क्षेत्र शुरू हो जाता है। इलाके में हाल फिलहाल कोई नया किराएदार रहने के लिए आया हो जानकारी जुटा रहे हैं। दिल्ली, लखनऊ के सम्पर्क में खुफिया एजेंसियां एटीएस और आईबी के अधिकारी घटना के बाद दिल्ली और लखनऊ के सम्पर्क में हैं। पांच वर्षों में ट्रेनों में हुई संदिग्ध घटनाओं में जो भी नाम प्रकाश में आए हैं। उनके बारे में भी जानकारी जुटाई रहे।

कालिंदी एक्सप्रेस हादसे के बाद पुलिस के रडार पर कानपुर से लेकर कन्नौज तक के अपराधी हैं। पुलिस ने हादसे के बाद छापेमारी की हैं। अभी तक 10 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, पुलिस का मानना है कि सिलेंडर और बारूद का भरा झोला शुरुआती क्लू हो सकता है।जिस झोले में बारूद मिली हैं, उस झोले पर एक मिठाई दुकान का नाम लिखा है। यह दुकान कन्नौज में है। अब कन्नौज कनेक्शन भी तलाश जा रहा है। पुलिस ने कन्नौज के उस दुकान का सीसीटीवी फुटेज भी अपने कब्जे में लिया है, जिस दुकान का झोला कानपुर में मिला है। इसलिए पुलिस ने कानपुर से लेकर कन्नौज तक के कई फुटेज अपने कब्जे में लिए हैं। इसके लिए जीआरपी और आरपीएफ को भी सक्रिय किया गया है।

पुलिस इस हाथ से जुड़ी कड़ियों को खोजने का प्रयास कर रही है। इसके लिए पुलिस पकड़े गए संदिग्धों के साथ अलग-अलग पूछताछ कर रही है। इसके अलावा आसपास के जो गांव हैं, वहां पर जो अपराधी प्रवृत्ति के लोग रहते हैं, उनकी पिछले कुछ दिनों की गतिविधियों को भी पुलिस ने जानना शुरू कर दिया है। हादसे के बाद घटनास्थल के आसपास जितने भी गांव है। वहां पर खुफिया एजेंसी के साथ कई और टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया हैं। हादसे के बाहर गांव के हर एक संदिग्ध पर पुलिस की निगाह बनी हुई है।कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले में शिवराजपुर थाने की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इसके साथ ही 6 संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। पुलिस ने अपने रडार पर इलाके के जमातियों को भी लिया है। जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ने 6 टीमों का गठन किया है। वहीं, दूसरी तरफ मामले की जांच के लिए एटीएस और आइबी की टीमों ने भी डेरा डाल दिया है। एटीएस आईजी एन. चौधरी ने कहा- मौके पर जांच पड़ताल की है। जो भी तथ्य सामने आ रहे हैं, सभी पहलुओं पर हम लोग जांच कर रहे हैं।चौबेपुर थाना, शिवराजपुर थाना और बिल्हौर थाने की अलग-अलग टीमें हादसे की जांच करेंगी। इसके साथ ही एक टीम सर्विलांस, एक स्वाट टीम और एक टीम वरिष्ठ अधिकारी एलआईयू की अध्यक्षता में गठित की गई है। पुलिस की छह टीमों ने ट्रेन पलटाने की साजिश का खुलासा करने के लिए जांच शुरू कर दी है। डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह के अनुसार मौके पर मिले सियाराम स्वीट्स के झोले और माचिस की डिब्बी से जांच शुरू की गई है। छिबरामऊ स्थित सियाराम स्वीट्स के झोले में विस्फोटक और पेट्राल बम को रखकर लाया गया था। मौके पर मिले बोतल बम में पेट्रोल ही है। पाउडर को भी जांच के लिए फोरेंसिक ने सैंपल लिया है।

एटीएस की टीमों ने भी मौका-मुआयना कर जांच शुरू की है।हादसे में इस्तेमाल सिलेंडर के घिसटने के चिह्न मिले। आगे तलाश करने पर गैस सिलेंडर में दाहिनी ओर झाड़ी में मिला। इससे ऐसा लग रहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रेन को पलटाने की साजिश रची गई। इससे भारी जनहानि हो सकती थी। सवाल यह है कि आखिर कौन है जो रेलगाड़ी को बेपटरी कर हजारों यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने की साजिश रच रहा है। खुफिया व जांच एजेंसियों के लिए ऐसे असामाजिक अराजक देशद्रोही तत्वों को सामने लाना चुनौती भरा टास्क है। तमाम एजेंसियों को अपनी सामर्थ्य के बूते पर ऐसे देश के भीतर छिपे गद्दारों को बेनकाब करना होगा ताकि देश की सम्पत्ति और नागरिकों की जान से खिलवाड़ करने वाले बेनकाब हो सकें।

## नजरिया

# 'हिन्दी बनेगी विश्व-भाषा'

दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'

मोबाइल-7379100261

भारत एक बहुभाषी देश है। देश के संविधान की आठवीं अनुसूची में ही बाईस भाषाएं शामिल हैं। इसके अलावा सैकड़ों बोलियाँ हैं, जो भाषा का ही लोक व्यवहृत रूप हैं। भाषाएं अभिव्यक्ति का माध्यम तो होती ही हैं; चिन्तन, विचार और संस्कार के संवहन का कार्य भी करती हैं। सभी भाषाएं महत्वपूर्ण हैं। सबके अपने आध्यात्मिक और भौतिक ज्ञान के कोश हैं, यह भाषा से ही जीवंत, प्राणवान, ऊर्जस्वित और गतिमान हैं। किन्तु इन बहु भाषाओं के बीच सदैव एक संपर्क भाषा की आवश्यकता रही है, जो समस्त क्षेत्रीय भाषा-भाषियों को एक सूत्र में पिरोकर उनके आचार-विचार, मान्यता, संस्कार, ज्ञान-विज्ञान और पंथिक चेतना को एकीकृत करके राष्ट्रीय चेतना का विकास कर सके।

प्राचीन समय से हिन्दी सम्पूर्ण भारत की संपर्क भाषा रही है, इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण यह है कि केरल के नम्बूदरीपाद ब्राह्मण आज भी बद्रीनाथ मन्दिर में प्रधान पुजारी के पद पर आसीन होते हैं और सम्पूर्ण देश से आने वाले तीर्थयात्रियों को हिन्दी में ही संवोधित करते हैं। भक्तिकाल में रामानंद जी दक्षिण से भक्ति का प्रवाह लेकर उत्तर की तरफ आए थे और यहाँ उन्होंने हिन्दी भाषा में धर्म का प्रचार किया था। भारतीय इतिहास में भक्तिकाल एक ऐसा समय था, जब पूरे देश में भक्ति का प्रवाह हिन्दी भाषा के माध्यम से जन-जन में फैलता चला गया। स्वतंत्रता आन्दोलन के दिनों में विभिन्न भाषा भाषियों के बीच हिन्दी संपर्क की सर्व स्वीकार्य भाषा बन गई थी। तब देश छह सौ से अधिक रियासतों में बंटा था, उत्तर से दक्षिण तक फैली रियासतों की अपनी बोली और भाषा थी। उन दिनों इनके बीच संपर्क की भाषा बनकर हिन्दी अपनी सार्वदेशिक स्वीकार्यता सिद्ध करके सचमुच अघोषित रूप से राष्ट्रभाषा बन गई थी।

हिन्दी में जोड़ने की अकूत क्षमता है। इतिहास का एक कम चर्चित प्रसंग है, 1946-47 में भारत विभाजन के समय अंडमान-निकोबार द्वीपों में रहने वाले मुसलमानों ने इन द्वीपों को पूर्वी पकिस्तान के साथ जोड़ने की मांग रखी थी। किन्तु स्वतंत्रता से पूर्व वहाँ 'राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा' की एक शाखा हिन्दी के प्रचार-प्रसार का काम कर रही थी। इससे वहाँ हिन्दी जानने-बोलने वालों की संख्या काफी हो गई थी। इन हिन्दी भाषियों ने भारत के साथ रहना पसंद किया और उन्होंने इस आशय का ज्ञापन तत्कालीन सरकार को भेजा, जो स्वीकार कर लिया गया। यानी हिन्दी की वजह से आज अंडमान निकोबार द्वीप समूह के सैकड़ों द्वीपों की श्रृंखला भारत का अभिभाज्य अंग है।

संविधान के जानकार कहते हैं कि संविधान में राष्ट्रभाषा शब्द ही नहीं है। भले ही ऐसा हो, लेकिन लोकमानस की दृष्टि में हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा आजादी के पहले ही बन चुकी है। यह भारत की साझा संस्कृति की वाहक है। देश की समस्त भाषाओं में हिन्दी ही वह भाषा है, जो सारे देश में कमोवेश समझी और बोली जाती है। हिन्दी हमारे लिए सम्प्रेषण का माध्यम भर नहीं है। यह देश और समाज की आशा है। इसमें समाज के सपने पलते हैं। यह करोड़ों देशवासियों की संस्कृति और जीवन शैली की संरक्षिका भी है। हिन्दी कमजोर होगी तो उसमें रची-बसी संस्कृति और संस्कार भी कमजोर हो जाएगा। इतिहास में जाने पर हम पाते हैं कि हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को छल-प्रपंच के साथ समाप्त करके भावी पीढ़ी को भारतीयता और अपनी जड़ों से काटने का उपक्रम बहुत पुराने समय से चला आ रहा है। सन 1192 के बाद इतिहास के राजपूत काल का अंत होता है। मुस्लिम शासकों ने हिन्दी यानी अपभ्रंस और डिंगल पर फारसी लाद दी। हिन्दी राजकाज की भाषा नहीं रही और पिछड़ती गई। बाद में फारसी का स्थान उर्दू ने ले लिया। हिन्दी अपनी बोलियों अवधी, ब्रज, राजस्थानी, मैथिली, मालवी, मगही के जरिए संघर्ष करती रही। लार्ड मैकाले के चार्टर ऐक्ट-1835 की भाषा नीति तो इतनी कपटपूर्ण सिद्ध हुई कि संस्कृत और फारसी के विद्वान भी बौद्धिक विमर्श की परिधि से निष्कासित हो गए थे। किन्तु हिन्दी अपने विविध रूपों में जान सामान्य की भाषा सदैव बनी रही।




ईस्ट इंडिया कंपनी के दिनों में जब अंग्रेज भारत में व्यापारी के साथ-साथ शासक की भूमिका में आ गए तो उनको सामान्य जन से व्यापक स्तर पर जुड़ने की आवश्यकता महसूस हुई। ऐसी स्थिति में तत्कालीन कलकत्ता में फोर्ट विलियम कालेज' की स्थापना की गई। वहाँ लल्लूलाल और सदल मिश्र हिन्दी सिखाने के लिए नियुक्त हुए थे। इनसे कम्पनी के अधिकारी हिन्दी सीखे और जनता से सम्पर्क साधने एवं संवाद कायम करने में सफल हुए। इससे अधिक न उन्हें हिन्दी की जरूरत थी, न आगे पनपने दिया। बल्कि हिन्दू और मुसलमान के बीच वैचारिक मतभेद को गहरा बनाए रखने के लिए हिन्दी और उर्दू का झगड़ा अलग से खड़ा कर दिया। जैसा कि होता आया है, हर अंधेरी रात की एक उजली सुबह होती है। स्वतंत्रता आंदोलन के दिनों में यही हिन्दी के साथ हुआ। यद्यपि हिन्दी और उर्दू अलग-अलग लिपियों में लिखी जाने वाली कमोबेश एक जैसी भाषा थीं, किन्तु विभिन्न भाषा भाषी स्वतंत्रता आंदोलनकारियों के बीच सम्पर्क साधने में हिन्दी अधिक उपयोगी सिद्ध हुई। इसका मूल कारण था, हिन्दी की दूसरी भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करते रहने की विशिष्टता ! इस वजह से प्रत्येक भाषा भाषियों को हिन्दी में कुछ अपनी भाषा जैसी ध्वनि मिल ही जाती थी और इसलिए यह सबकी प्रिय बनती चली गई थी।

14 सितम्बर 1949 को हिन्दी भारतीय गणराज्य के कामकाज की राजभाषा बनी। मजे की बात यह है कि संविधान सभा में हिन्दी को राजभाषा बनने का प्रस्ताव, अनुमोदन और समर्थन अहिंदी भाषियों ने किया था। इनका समेकित मत था कि राष्ट्रीय एकता और विकास का आधार हिन्दी में ही सन्निहित है। इस समय यह कहा गया था कि हिन्दी अभी विकासमान अवस्था में है। इसके पास तकनीक, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, विधि, वाणिज्य, पुरातत्व जैसे विषयों की तकनीकी शब्दावली का अभाव है। साथ ही अहिंदी भाषी कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच यह अनजान है। इसलिए हिन्दी के तत्काल व्यवहार में लाने की बात टाल दी गई। वर्ष 1954 में 'राजभाषा आयोग' का गठन हुआ। इसकी सिफारिशों के आधार पर 1963 में संसद के दोनों सदनों द्वारा राजभाषा अधिनियम-1963' पारित हुआ। पुनः 1965 में इसमें संशोधन किए गए और हिन्दी को कार्यालयीन भाषा बना दिया गया। किन्तु अंग्रेजी का वर्चस्व सड़क से संसद तक बना रहा।

वर्ष 1975 में पुनः राजभाषा के नियम बनाए गए, जिसमें हिन्दी को लागू करने के लिए देश को 'क' 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में बाँट दिया गया। 'क' यानी हिन्दी प्रदेश, 'ख' यानी अर्द्ध हिन्दी प्रदेश और 'ग' यानी अहिंदी भाषी प्रदेश। इसके तहत 'ग' श्रेणी के प्रदेश फिलहाल हिन्दी प्रयोग में सक्षम नहीं हैं, इसलिए एक समय सीमा के अंतर्गत हिन्दी प्रयोग के लिए अपने को तैयार करेंगे। इसके बाद राजकीय कामकाज में हिन्दी के व्यवहार का मामला कई बार से टलता चला आ रहा है। संसद, उच्च एवं उच्चतम न्यायालय, शोध, चिकित्सा, प्रद्योगिकी संस्थान, प्रबंधन शैक्षिक संस्थान, उच्च स्तरीय संगोष्ठी सब कहीं अंग्रेजी का दबदबा है।

आज की तारीख में हिन्दी सारे देश में बोली भले नहीं जाती है, लेकिन समझी सब जगह जाती है। विज्ञान, चिकित्सा, विधि, तकनीक, शोध की तकनीकी शब्दावली का हिन्दी में पर्याप्त विकास हो चुका है। पड़ोसी देश नेपाल में हिन्दी बोलने वालों की संख्या नेपाली बोलने वालों से अधिक है। पाकिस्तान, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार और श्रीलंका में हिन्दी समझने वाले बहुत लोग हैं। फ़िजी, गुआना, मारिसस और दक्षिण अफ्रीका में गिरमिटिया मजदूरों के वंशजों ने हिन्दी की अवधी और भोजपुरी बोली को कमोबेश बचा रखा है। अब हिन्दी विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में दूसरे नम्बर पर है-यह दावा राजभाषा विभाग की पत्रिका राजभाषा भारती' में गृह राज्यमंत्री ने एक साक्षात्कार में किया है। मंत्री महोदय के अनुसार, पिछले तीन दशकों में हिन्दी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत तेजी से विकास हुआ है। वेब, संगीत, विज्ञापन, सिनेमा, बाजार के क्षेत्र में हिन्दी जिस तेजी से बढ़ी है, वैसी तेजी और किसी भाषा के लिए देखने में नहीं आयी। विश्व के डेढ़ सौ विश्वविद्यालयों तथा सैकड़ों अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शोध स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था है। वायस ऑफ अमेरिका, बीबीसी लंदन, एनएचके वर्ल्ड जापान, डायचेवेले जर्मनी, हम एफएम, यूएई सहित कई देश हिन्दी में नियमित कार्यक्रम का प्रसारण करते हैं। विदेशी धरती से दो दर्जन से अधिक पत्रिकाएं भी नियमित प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी संयुक्त राष्ट्र संध की कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकार की जा चुकी है, संयुक्त अरब अमीरात ने हिन्दी को अपने यहाँ की तीसरी अदालती भाषा की मान्यता भी दी है।

भाषाविद डॉ. जयंती प्रसाद नौतियाल ने अपने भाषा अध्ययन शोध 2005 में दावा किया है कि विश्व में हिन्दी बोलने वालों की संख्या सरवधिक है, जोकि एक अरब से अधिक है। जबकि चीन की मंडारिन भाषियों की संख्या नब्बे करोड़ से अधिक नहीं है। क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थवश हिन्दी को देश में उसका वांछित गौरव भले ही नहीं मिल पाया, किन्तु सरकारों ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार पर यथेष्ट ध्यान दिया है। विश्व पटल पर हिन्दी को व्यापकता प्रदान करने की दृष्टि से कई विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में प्राथमिक शिक्षा के लिए हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं की विशेष संस्तुति, चिकित्सा की पढ़ाई, भारतीय प्रशासनिक सेवा, प्रादेशिक प्रशासनिक सेवा तथा कुछेक नए क्षेत्रों में हिन्दी की मान्यता से हिन्दी सशक्त बनेगी। आज की तारीख में चुनौतियों से जूझती हिन्दी जिस गति से आगे बढ़ रही है, वह आश्वस्त करती है कि आने वाले वर्षों में हिन्दी को 'विश्व-भाषा' बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# शशि थरूर ने भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को रेखांकित किया

ह्यूस्टन/दक्षिण भारत। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने यहां राइस यूनिवर्सिटी के बेकर इंस्टीट्यूट में संवाद के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक शक्ति के तौर पर भारत के महत्व पर जोर दिया। थरूर ने कहा, भारत महत्व रखता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में जो कुछ हो रहा है वह दुनिया की आबादी के छठे हिस्से को प्रभावित करता है। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने विस्तार से कहा कि क्रय शक्ति के मामले में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनिया के मंच पर अब इसे नजरअंदाज या कम करके नहीं आंका जा सकता है। भारत के वैश्विक प्रभाव के बारे में दमदार तरीके से अपनी बात रखते हुए थरूर ने रेखांकित किया कि किस प्रकार विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश तथा सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय उसे वैश्विक मामलों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। कार्यक्रम की मध्यस्थता संस्थान के निदेशक एवं लेबनान एवं तुर्किये में अमेरिका के पूर्व राजदूत डेविड सैटरफील्ड ने की।

थरूर छह से आठ सितंबर तक हुए जयपुर साहित्य महोत्सव के सातवें संस्करण में एक प्रख्यात लेखक एवं वक्ता के तौर पर ह्यूस्टन की यात्रा पर थे। उन्होंने भारत के समक्ष मौजूद भूराजनीतिक चुनौतियों विशेषकर चीन, पाकिस्तान और अमेरिका के साथ इसके संबंधों पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में देश की भूमिका का जिक्र किया और इन जटिल रिश्तों में भारत के संवेदनशील संतुलन को भी रेखांकित किया। भारत की तकनीकी प्रगति के मुद्दे पर सैटरफील्ड ने इस क्षेत्र में देश की तीव्र वृद्धि की ओर ध्यान दिलाया।

थरूर ने भारत के तकनीकी उद्योग के बढ़ते प्रभाव को स्वीकारा और कहा कि तकनीकी उद्योग नवाचार और आर्थिक विकास को आगे बढ़ा रहा है, जिससे देश वैश्विक व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गया है। बातचीत में घरेलू मुद्दे भी मुख्य रूप से शामिल रहे, जिसमें थरूर ने भारत की ऊर्जा चुनौतियों और अक्षय ऊर्जा के लिए इसके महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर बात की।




# जैकलीन फर्नांडीज की सीरीज 'गोट्स' का अनावरण

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और नील नितिन मुकेश अभिनीत बहुप्रतीक्षित मल्टी-स्टारर सीरीज 'गोट्स' के निर्माताओं ने सीरीज के लोगो का अनावरण किया। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने सीरीज के लोगो के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन किया।

लोगो के साथ पोस्ट में लिखा गया, संगीत और नृत्य का अंतिम युद्ध शुरू होने वाला है। हमारी बिल्कुल नई श्रृंखला के साथ महानता के लिए तैयार हो जाइए! गोट्स जल्द ही जिओ सिनेमा पर आ रहा है। गणपति बप्पा मोरया!

नील नितिन मुकेश अपनी ओटीटी सीरीज़ की शुरुआत करेंगे। यह संगीतमय युवा नाटक और साज़िश के अनूठे मिश्रण के साथ एक सम्मोहक कथा प्रस्तुत करने का वादा करता है। यह सीरीज जिओ सिनेमा पर स्ट्रीम होगी।श्रृंखला में संगीतमय सेटिंग होगी और इसमें जैकलीन और नील के बीच प्रतिद्वंद्विता दिखाई जाएगी।

अभिषेक शर्मा द्वारा निर्देशित इस सीरीज में जैकलीन फर्नांडीज, नील नितिन मुकेश, बोमन ईरानी, ङ्कङ्कसिद्धार्थ निगम और सुमेध मुदगलकर जैसे बड़े कलाकार मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही इस सीरीज में भाविन भानुशाली, अनुषा मणि, कुंवर अमर, सैन्टाना रोच, युक्ति तरेजा और अर्नव मग्गो भी शामिल हैं।

# आईटीआई लि. को बिहार में सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम के लिए 300 करोड़ रु. का ऑर्डर मिला

बेंगलूरु/नैनी/दक्षिण भारत। प्रमुख दूरसंचार विनिर्माण कंपनी आईटीआई लिमिटेड को बिहार अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (बीआरईडीए) से बिहार सरकार को 1,00,000 सौर स्ट्रीट लाइट सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना के लिए लगभग 300 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। यह उन 80,000 सौर स्ट्रीट लाइट सिस्टम के अतिरिक्त है, जिन्हें कंपनी वर्तमान में बिहार में बीआरईडीए के लिए क्रियान्वित कर रही है। बता दें कि आईटीआई लि. का नैनी प्लांट पिछले छह वर्षों से सौर पैनलों का निर्माण कर रहा है। उसे 'मुख्यमंत्री ग्रामीण सौर स्ट्रीट लाइट योजना' के तहत लगभग 300 करोड़ रुपए की राशि के 1,00,000 सौर स्ट्रीट लाइट सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना का ऑर्डर दिया गया है। इस ऑर्डर में गोपालगंज, सीवान, समस्तीपुर, पूर्णिया, अररिया, गया, दरभंगा, पटना, कटिहार और खगड़िया जिले शामिल हैं।

ITI LIMITED
( A Government of India Undertaking )

इन प्रणालियों को बिहार अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (बीआरईडीए) की देखरेख में स्थापित किया जाएगा। सौर स्ट्रीट लाइट सिस्टम के प्रमुख घटक सौर पीवी मॉड्यूल, सौर बैटरी, एलईडी ल्यूमिनरी, माउंटिंग स्ट्रक्चर और बैलेंस ऑफ सिस्टम (बीओएस) हैं। इस अवसर पर आईटीआई लि. के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजेश राय ने कहा, 'आईटीआई लिमिटेड बिहार सरकार के बीआरईडीए के साथ एक बार फिर साझेदारी करके बेहद खुश है, ताकि स्ट्रीट लाइटों को टिकाऊ सौर ऊर्जा से सुसज्जित किया जा सके। मुझे इस बात से बहुत संतुष्टि है कि बिहार सरकार ने अपनी विकास पहलों के लिए हमारी क्षमता पर विश्वास जताते हुए आईटीआई की ओर पुनः कदम बढ़ाया है।'

उन्होंने कहा, 'हमारी टीम सर्वोत्तम प्रॉडक्ट और सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। मुझे विश्वास है कि हम इस परियोजना को भी अपने ग्राहक की सर्वोत्तम अपेक्षाओं के अनुरूप क्रियान्वित करेंगे। इस अतिरिक्त ऑर्डर के साथ, हमने आईटीआई को एक विश्वसनीय सौर प्रणाली प्रदाता के रूप में स्थापित किया है, जो एक हरित कल के लिए प्रयास कर रही है।' राय ने कहा, 'आईटीआई लि. ने अब शहरी और ग्रामीण इलाकों में सौर स्ट्रीट लाइट सिस्टम की कुशलतापूर्वक आपूर्ति और स्थापना का भरोसेमंद अनुभव हासिल कर लिया है।' हाल में आईटीआई लि. ने कोलकाता में सफल प्रदर्शन के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की आपूर्ति के लिए पश्चिम बंगाल के राज्य चुनाव आयोग से अपना पहला ईवीएम ऑर्डर हासिल किया था।

# कुछ कड़े फैसले करने होंगे : कीर स्टॉर्मर

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर के लिए मंगलवार का दिन कठिन परीक्षा वाला होगा जब सांसद उस भुगतान में कटौती के विवादास्पद निर्णय पर मतदान करेंगे जिससे लाखों पेंशनभोगियों को सर्दियों में घर को गर्म रखने के लिए होने वाले खर्च का प्रबंधन करने में मदद मिलती है। स्टॉर्मर का कहना है कि सबसे गरीब सेवानिवृत्त कर्मचारियों को छोड़कर सभी के लिए प्रति वर्ष 200 से 300 पाउंड के बीच का शीतकालीन ईंधन भत्ता हटाने का निर्णय आवश्यक है, क्योंकि पूर्ववर्ती कंजर्वेटिव सरकार सार्वजनिक वित्त की स्थिति बहुत खराब छोड़कर गई है। हालांकि जुलाई में चुनाव में भारी जीत हासिल करने के बाद सरकार के पहले आर्थिक कदमों में से एक से निश्चित आय वाले लोगों के प्रभावित होने के मद्देनजर लेबर पार्टी में बेचैनी उत्पन्न हो गई। लेबर पार्टी के सत्रह सांसदों ने कटौती को स्थगित करने के आह्वान का समर्थन किया है।

# राहुल गांधी हार की हताशा में विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे हैं: शिवराज सिंह चौहान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रांची। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अमेरिका में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा और उन पर चुनावों में बार-बार हार की हताशा में विदेशों में भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया। भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी चौहान इस महीने होने वाली पार्टी की प्रस्तावित परिवर्तन रैली के सिलसिले में एक बैठक में शामिल होने के लिए आज रांची पहुंचे। गांधी के कथित बयान को लेकर उन पर निशाना साधते हुए चौहान ने कहा, केवल एक कुंठित व्यक्ति ही देश को बदनाम कर सकता है और विदेशों में इसकी छवि खराब कर सकता है। अब वह न केवल सरकार बल्कि निर्वाचन आयोग पर भी सवाल उठा रहे हैं।



उन्होंने यहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, अपने ही देश की दूसरे देश में आलोचना करना देशभक्ति का काम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और यह जिम्मेदारी का पद होता है। चौहान ने कहा कि जब नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री थे तो अटल बिहारी वाजपेयी विपक्ष के नेता थे।

उन्होंने कहा, तब उन्होंने (वाजपेयी) कई मौकों पर विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। देश के बाहर कभी भी नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्होंने देश की छवि खराब करने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा, लेकिन यह (राहुल गांधी) ऐसे नेता है जो कुंठाग्रस्त है। लगातार तीसरी बार पराजय के कारण उनके मन में भाजपा, संघ (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) और मोदी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) को लेकर अंध विरोध बैठ गया है और वह विरोध करते-करते देश का ही विरोध करने लगे हैं। चौहान ने कहा कि लगातार हार के कारण राहुल निराश और हताश हैं और अपनी हताशा विदेश में निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा, देश के बाहर कांग्रेस और भाजपा नहीं होती। देश के अंदर हम मुद्दों पर लड़ सकते हैं लेकिन देश के बाहर केवल भारत होता है।

उन्होंने आरोप लगाया, राहुल गांधी जी लगातार देश की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं और देश की छवि खराब करने की कोशिश देशद्रोह जैसी सीमा में आती है।



# मुंबई में 'सन ऑफ सरदार 2' की शूटिंग कर रही हैं मृणाल ठाकुर

**मुंबई/एजेन्सी**

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने खुलासा किया कि वह अपनी आगामी फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' की शूटिंग के लिए मुंबई वापस आ गई हैं। मृणाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' के 'स्टोरी सेक्शन' पर अपनी वैनिटी वैन की मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की। तस्वीर पर मुंबई मेरी जान और सन ऑफ सरदार 2 लिखा था। बैकग्राउंड स्कोर में पंजाबी एमसी का गाना ढोल जगीरो दा बज रहा था। सन ऑफ सरदार 2 अश्विनी धीर द्वारा निर्देशित 2012 की एक्शन-कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल है। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस दूसरी फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त भी हैं। मृणाल हाल ही में स्कॉटलैंड से छुट्टियां मनाकर लौटी हैं। अब वह गणेश चतुर्थी पर भी काम कर रही हैं। अभिनेत्री ने शनिवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी ड्रेसिंग टेबल, आईने और कुर्सी की तस्वीर साझा की।

मृणाल ने तस्वीर को मोनोक्रोम में पोस्ट किया और लिखा, गणेश चतुर्थी पर काम जारी है! बहुत ज्यादा 'फोमो' हो रहा है। दोस्तों, मेरी तरफ से आप लोग एक एक्स्ट्रा मोदक लीजिएगा। आप सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं। मृणाल ने यह नहीं बताया कि वह किस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। हालांकि, उनकी आने वाली फिल्मों में 'पूजा मेरी जान' और 'है जवानी तो इश्क होना है' भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2012 में टेलीविजन शो मुझसे कुछ कहती है...ये खामोशियां से की थी। वह अर्जुन, कुमकुम भाग्य जैसे शो में नजर आ चुकी हैं। वह नच बलिए 7 में भी भाग ले चुकी हैं। मृणाल वेबसीरीज 'मेड इन हेवन 2' का भी हिस्सा थीं। उन्होंने 'लव सोनिया', 'सुपर 30', 'बाटला हाउस', 'धमाका', 'सीता राम', 'पिप्पा' और 'द फैमिली स्टार' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने आखिरी बार नाग अश्विन द्वारा निर्देशित हाल ही में रिलीज हुई साइंस फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में एक कैमियो भूमिका निभाई थी।



# इटली में करेंगे 'वॉर 2' के रोमांटिक गाने की शूटिंग ऋतिक-कियारा

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी अपकमिंग एक्शन फिल्म 'वॉर 2' के लिए इटली में एक रोमांटिक गाने की शूटिंग करेंगे। इटली का यह कार्यक्रम 18 सितंबर से शुरू होगा और लगभग 15 दिनों तक चलेगा। एक सूत्र ने बताया, जब आप बॉलीवुड के दो सबसे अच्छे दिखने वाले एक्टरों को पहली बार साथ में लाते हैं, तो आपको दर्शकों के लिए कुछ स्पेशल करना पड़ेगा। 'वॉर 2' मेकर्स भी कुछ नया और मजेदार करने के लिए एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। उन्होंने ऋतिक और कियारा की जोड़ी को सुपरहिट करने के लिए इटली में रोमांटिक सॉन्ग शूट करने का इरादा बना लिया है। जहां वादियों और पहाड़ियों में करीब 6 दिन तक यह शूटिंग चलेगी।

ऋतिक और कियारा इटली में रोमांस का तड़का लगाने के बाद, भारत लौटने से पहले कुछ एक्शन और ड्रामा दृश्यों की शूटिंग भी करेंगे। जानकारी के अनुसार, वॉर 2 से कियारा और ऋतिक की एक भी तस्वीर मीडिया में नहीं आई है। इसलिए वाईआरएफ प्रोडक्शन पूरी कोशिश कर रहा है कि कुछ भी लीक न हो। अगर कोई तस्वीर सामने आती है तो यह मार्केट में हलचल तेज कर सकती है क्योंकि 'वॉर 2' की झलक भर पाने को फैंस बेताब हैं।

सूत्र ने आगे बताया कि शूटिंग और टीम के इटली पहुंचने से पहले स्थानीय स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और फिल्म से जुड़ी कुछ भी चीजें लीक न हो उसकी देखरेख के लिए टीम एक्शन में है। इसमें आगे बताया गया कि ऋतिक और कियारा किस शहर में जा रहे हैं, इस बारे में सभी ने चुप्पी साध रखी है। लेकिन ऐसा लगता है कि वे इस खूबसूरत गाने के सीक्वेंस को फिल्माने के लिए 2-3 शहर जरूर जाएंगे। यह फिल्म काफी सस्पेंस बना रही है, और हर तरफ चर्चा है कि यह गाना 'वॉर 2' के लिए बूस्टर डोज का काम करेगा। इस जोड़ी ने दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है।



# फिल्म 'कांथा' की शूटिंग शुरू

**मुंबई/एजेन्सी**

जानेमाने अभिनेता दुलकर सलमान और राणा दग्गुबाती की आने वाली फिल्म 'कांथा' की शूटिंग शुरू हो गई है। निर्माताओं ने हाल ही में हैदराबाद के रामा नायडू स्टूडियो में एक पूजा रखी, जहां 'कांथा'की पूरी टीम आई और शूटिंग शुरू करने से पहले भगवान का आशीर्वाद लिया। सोमवार को राणा दग्गुबाती ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए पूजा समारोह की तस्वीरें साझा की।उन्होंने लिखा, आज से एक रोमांचक यात्रा शुरू हो रही है। पेश है कांथा,राणा दग्गुबाती और ङ्कङ्कदुलकर सलमान के बीच एक महाकाव्य सहयोग! फिल्म कांथा की कहानी 1950 के दशक के मद्रास की विचारोत्तेजक पृष्ठभूमि पर आधारित है।फिल्म की टीम द्वारा साझा किए गए एक प्रेस नोट में राणा ने कहा, मैं स्पिरिट मीडिया के साथ इस यात्रा को शुरू करने और कांथा के साथ शुरुआत करने के लिए उत्साहित हूं। यह एक सुंदर स्तरित कहानी है जो मानवीय भावनाओं की गहराई को पकड़ती है और एक अभिनेता को बहुत कुछ सीखने का मौका देती है।मैं इस फिल्म को शुरू करने और इसे जीवंत बनाने के लिए रोमांचित हूं। फिल्म 'कांथा'के मुख्य अभिनेता दुलकर सलमान ने भी इस अवसर पर अपना उत्साह व्यक्त किया।उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कुछ तस्वीरें साझा की और कहा, मैं स्पिरिट मीडिया के साथ इस यात्रा को शुरू करने और कांथा के साथ शुरुआत करने के लिए उत्साहित हूं। यह एक सुंदर स्तरित कहानी है जो मानवीय भावनाओं की गहराई को पकड़ती है और एक अभिनेता को प्रदर्शन करने के लिए बहुत गुंजाइश देती है। मैं इसे पाकर रोमांचित हूं।'कांथा' का निर्देशन सेल्वमणि सेल्वराज कर रहे हैं। इस फिल्म में दुलकर सलमान और राणा दग्गुबाती के साथ- साथ भाग्यश्री बोरसे और समुथिराकानी भी मुख्य भूमिकाओं में शामिल रहेंगे।

# 'भीमा' में नकारात्मक भूमिका के लिए दिया था ऑडिशन : स्मिता साबले



**मुंबई/एजेन्सी**


टेलीविजन शो 'भीमा' में धनिया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री स्मिता साबले ने कहा कि उन्होंने शुरुआत में शो में एक नकारात्मक किरदार के लिए ऑडिशन दिया था। शो में उनका किरदार धनिया एक केयरिंग मां का है जो अपने परिवार की भलाई को प्राथमिकता देती है। हालांकि अभिनेत्री ने जिस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था वह वर्तमान में निभाए जा रहे उनके किरदार से बिल्कुल अलग थी। स्मिता ने कहा, यह काफी दिलचस्प कहानी है। मैंने शो भीमा के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन वह धनिया की भूमिका के लिए नहीं था। मैंने एक नकारात्मक भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन मुझे धनिया की भूमिका के लिए चुना गया। यह पूरी तरह से आश्चर्यचकित करने वाला था। मैं बहुत रोमांचित थी। धनिया का किरदार निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं अपने करियर में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर खुश हूं।''

अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में कहा कि सामाजिक चुनौतियों के बावजूद अपनी बेटी भीमा की पढ़ाई के लिए धनिया की तरफदारी करना उसकी परवरिश की भावना का प्रमाण है। कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद धनिया का हिम्मत और दृढ़ संकल्प कभी कम नहीं हुआ। अभिनय जगत में आने से पहले अभिनेत्री ने 2019 तक कॉर्पोरेट क्षेत्र में काम किया। हालांकि वह शुरू से ही एक्टिंग करना चाहती थीं। उन्होंने आगे बताया, अपने खाली समय में मैं वीडियो बनाती थी और सोशल मीडिया पर मोनोलॉग करती थी। मुझे मॉडलिंग में भी दिलचस्पी थी और मैं उस रास्ते से इंडस्ट्री में प्रवेश करना चाहती थी। हालांकि, 2020 में महामारी ने मेरे करियर को अभिनय की ओर मोड़ दिया।'' शो के लिए अपनी तैयारी के बारे में उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्रीयन होने के नाते उत्तर प्रदेश में सेट किए गए शो पर काम करने के लिए मुझे स्थानीय बोली और लहजे में महारत हासिल करने की जरूरत थी ताकि मैं अपने किरदार के प्रति प्रामाणिक और सच्ची बन सकूं। मेरे पिछले अनुभव से मुझे काफी मदद मिली। मेरी टीम और सह-कलाकारों के समर्थन ने वास्तव में इसमें मेरी काफी मदद की।'

# रश्मिका मंदाना ने हाल ही में उनके साथ हुयी दुर्घटना का किया खुलासा

**मुंबई/एजेन्सी**

दक्षिण भारतीय फिल्मों की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने बताया कि हाल ही में उनके साथ एक छोटी सी दुर्घटना हुई। रश्मिका ने उन्होंने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों को अपनी स्थिति के बारे में जानकारी दी। रश्मिका ने अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुये लिखा, मुझे पता है कि जब से मैं यहां आई हूं या यहां जब सार्वजनिक रूप से देखी गई थी तब से काफी समय हो गया है। पिछले महीने में मैं आपलोगों से मिलने या सोशल मीडिया मंच पर बहुत सक्रिय नहीं रही हूं इसका कारण यह है कि मेरे साथ एक छोटी सी दुर्घटना हो गई थी, इसलिये मुझे डॉक्टर ने घर पर रहने और आराम करने की सलाह दी थी।



# 'स्त्री 2' ने बॉक्स ऑफिस पर तोड़ा रिकार्ड,चौथी सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनीं

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने फिल्म गदर 2 का रिकार्ड तोड़ते दिया है और यह फिल्म हिंदी में सबसे अधिक कमाई करने वाली चौथी फिल्म बन गयी है। फिल्म 'स्त्री 2' वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है। फिल्म 'स्त्री 2' में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं।अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, हर दिन बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर चौथे वीकेंड में एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया। इस फिल्म ने गदर 2 के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ते हुए भारत में अब तक की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने 525.7 करोड़ रुपये की कमाई की थी।ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार,स्त्री 2 ने अपने 25वें दिन इस आंकड़े को पार करते हुए कुल 527 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। भारतीय बाजार में नेट कमाई के मामले में शाहरुख खान की फिल्म जवान 640 करोड़ रुपये की कमाई के साथ पहले नंबर पर रहे। दूसरे नंबर पर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल है जिसने 553 करोड़ की कमाई की।

तीसरे नंबर पर शाहरुख की हीं फिल्म पठान है, जिसने नेट 543 करोड़ की कमाई की है। फिल्म स्त्री 2' का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जब शरीर में कांटा चुभ जाए तो शरीर में वेदना का लावा फूटता है। फिर उस कांटे को निकाल दो तो राहत मिल सकती है, लेकिन कुछ देर तक वेदना तो रहती ही है। कांटा निकालना आसान है लेकिन बोलते समय हमारे शब्द कटु बन गए तो वह लंबे अरसे तक दर्द का कारण बन जाते है। इसलिए ज्ञानी कहते हैं बोलते समय सावधान रहना जरूरी है। हमारे शब्दों के भाव लंबे अरसे तक रहते हैं। अगर ग़लती से बचना है, उसका निराकरण, प्रमार्जन करना है तो सत्य बोलो। गलती करके झूठ बोलना और बड़ी ग़लती हो जाती है। सत्य बोलने से यह विश्वास जम जाता है कि वह व्यक्ति झूठ नहीं बोल सकता।



# ‘आत्मा की शुद्धि के लिए की जाती है तपस्या’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के आरजी स्ट्रीट स्थित राजस्थानी जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ द्वारा संचालित बड़ा सुपार्श्वनाथ मंदिर में सोमवार को आचार्यश्री उदयप्रभसूरीश्वरजी के शिष्य उपाध्यायश्री अर्पणप्रभविजयजी की आज्ञानुवर्ती साध्वीश्री काव्यरत्नाश्रीजी की शिष्या साध्वी श्रीहितार्थरत्नाश्रीजी के सान्निध्य में महावीर भवन से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गई।

इस मौके पर उपाध्यायश्री अर्पणप्रभविजयजी ने कहा कि हर जैन को पर्युषण पर्व में धर्म ध्यान तप

## क्षमापना कार्यक्रम में तपस्वियों का हुआ सम्मान

के माध्यम से आत्मा कल्याण करना चाहिए। तप से आत्मा निर्मल होती है क्योंकि आत्मा के शत्रु क्रोधादि कषाय को तप समाप्त कर देते हैं। कर्मों की निर्जरा होती है। चित्त की आकुलता से अस्थिर भावों के कारण तप व्रत निर्मल वत्त की स्थिरता तथा व्रतों को भार न मानकर ही व्रत करने चाहिए। तपों का मुख्य प्रयोजन यह होना चाहिए कि आत्मा अपने स्वभाव को जानने का प्रयास करे। शुभ कर्मों का फल भी शुभ होगा और अशुभकर्मों का फल अशुभ होगा यानी जैसी करनी वैसी भरनी। पूर्व जन्म के शुभकर्मोदय से हमें आर्य क्षेत्र, मनुष्य शरीर, उत्तमकुल और निर्ग्रन्थ धर्म की प्राप्ति हुई है, तो वीतराग वाणी पर श्रद्धा रखकर इन्द्रिय और मन को आत्मा के वशवर्ती बनाना चाहिए। प्रायश्चित्त आदि तप को सहज बनाने के लिए अनशन तप परमावश्यक है।

इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने आपस में व संतों से क्षमायाचना की। सिद्धितप के सभी तपस्वियों व लाभार्थियों का सम्मान किया गया। क्षमापना कार्यक्रम में युवक मंडल, एसएसजेएसएम युवक मंडल, सुपार्श्वनाथ बालिका मंडल और महिला मंडल का अहम योगदान रहा।




# चेन्नई में सकल जैन समाज का सामूहिक क्षमापना पर्व आयोजित

## जैनाचार्यों एवं साधु साध्वियों की मिली निश्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी महाराज के पावन सान्निध्य में वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ युवाचार्य चातुर्मास (एएमकेएम) में मंगलवार को सामूहिक क्षमापना पर्व आयोजित हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस दौरान आचार्य वर्धमानसागरसूरीश्वरजी, आचार्य देवेन्द्रसागरसूरीश्वरजी, आचार्य युगोदयप्रभसूरीश्वरजी, मुनिश्री आर्यशेखरविजयजी, खरतरगच्छीय गणिवर्य मनीषप्रभसागरजी, मुनिश्री वैभवरत्नविजयजी, उपप्रवर्तिनी कंचनकंवरजी, महासती राजमतीजी, दिगंबर परंपरा के साध्वी विशिष्टमतिजी, साध्वी संघमित्राश्रीजी आदि साधु-साध्वीवृंद की निश्रा प्राप्त हुई।

इस मौके पर श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्रऋषिजी ने कहा कि क्षमा देना और क्षमा लेना वीरों का आभूषण है, यह कायरता का व्यवहार नहीं है। आज महावीर के शासन के अनेक महापुरुष एवं भगवती स्वरुपा साध्वीवृंद यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा परमात्मा ने प्रत्येक भव्य आत्मा के लिए क्षमा धर्म बताया है। कई लोगों ने अपने आचरण से परमात्मा का दिया हुआ क्षमा रुपी अमृत को उपहास का विषय बना दिया है। हमारे अवचेतन मन में कई अवधारणाएं रही हुई है, उन्हें निकालना है। आपके मन में पड़े हुए भेद को निकालना जरूरी है, तभी जैन एकता बनी रहेगी। जिनशासन में आस्था रखने वाले श्रावक यदि मजबूत बनते हैं तो हमारी एकता अखंड रह सकती है। जिनशासन का प्रांगण सिर्फ जिनेश्वर की आराधना का स्थल है, रणभूमि नहीं। उन्होंने कहा जिनशासन की धरोहर को हमें सुरक्षित रखना है। आचार्यश्री युगोदयप्रभ सूरीश्वरजी ने कहा कि कलिकाल में सबसे बड़ी शक्ति संघ है। यह तीर्थंकरों के लिए भी पूजनीय है। जिनशासन को एकांतवाद से नुकसान हुआ है। हमें अपकारी के प्रति भी उपकारी भावना रखनी है। उन्होंने कहा क्षमा को अपनाकर जीवन को धन्य बनाएं।

आचार्य देवेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि संगठन नहीं होगा तो विघटन होने वाला है। घर के लोग घर में आ जाए तो वह एकता ही है। महावीर के शासन तले आ जाओ तो सभी एक है। मन के भरोसे मत चलिए, आत्मा के भरोसे चलो। शासन के सब कार्य पूर्ण कर जीवन को धन्य बनाएं। गणिवर्य कल्याणपद्मसागरजी ने कहा हमें ढोंग का नहीं, ढंग का जीवन जीना है। आपके अंदर रहे हुए गुण- वैर की आग को स्पर्श कर लें तो गुण गुण नहीं रहेंगे। कोई व्यक्ति के साथ तकरार हैं और आप क्रोध में है तो समझना आपके अंदर से क्रोध निकला। क्षमा, मैत्री होती तो वही निकलती। उन्होंने 2550वां महावीर निर्वाण कल्याणक एकजुट होकर मनाने की प्रेरणा दी। गणिवर्य मनीषप्रभ सागरजी ने कहा कि दुःख का कारण धर्म का अभाव है, सुख का कारण धर्म का प्रभाव है और शांति का कारण खुद का स्वभाव है। इसका कारण अपने मूल में रहे कर्म है। आपके कर्मों को स्वयं को उतारना है। कोई दूसरा व्यक्ति सहयोगी नहीं बन सकता। मुनिश्री आर्यशेखर विजयजी ने कहा कि भारतीय इतिहास में विसर्जन का अति महत्व है। पर्युषण पर्व कहता है हमारे अंदर रही हुई कटुता का विसर्जन कर दो। उन्होंने कहा बच्चे भी लड़ते झगड़ते हैं लेकिन फिर एक हो जाते हैं। अच्छा होता हम भी बच्चे होते। संस्कार के बिना शिक्षा की कोई कीमत नहीं है। भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए सब मिलकर अमल करें।

साध्वी चारुज्ञसाक्षीजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन धर्म एक है और क्षमापना पर्व हमारी मोनोपोली है। मौनज्योतिश्रीजी ने कहा कि आप और हम द्रव्य से नहीं, भाव से ही जैन बन सकते हैं। साध्वी मुस्कानप्रियश्री ने कहा जो व्यक्ति क्षमा धारण करता है, वह गुणी होता है। हंसदर्शिताश्रीजी ने कहा कि क्षमापना से हमारा मन मंदिर बनता है। जब मन मंदिर बनेगा तो परमात्मा स्वयं उसमें आएंगे। साध्वी संघमित्राश्रीजी ने कहा कि प्राणी मात्र के साथ मैत्री भाव रखना ही क्षमा धर्म है। वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ के संयोजक महावीरचंद रांका ने अपने विचार व्यक्त किए। केसरवाड़ी जैन तीर्थ एवं मूर्तिपुजक संघ के सचिव शांतिलाल कांटेड़ ने कहा कि वास्तव में हम क्षमा पर्व संवत्सरी को मानते हैं लेकिन हमारी सभी क्रियाओं में क्षमा रही हुई है। उन्होंने साधर्मिक भक्ति में धनराशि का उपयोग करने का आग्रह किया। दिगंबर समाज के सुनील काला ने कहा कि हमारी आत्मा का मूल गुण क्षमा है। दसलक्षण पर्व का पहला दिन ही उत्तम क्षमा से शुरू होता है। एसएस जैन संघ साहुकारपेट के सचिव संजय पींचा ने कहा कि क्षमा उनसे मांग लेनी चाहिए जिनके साथ वैर की गांठ बंधी हुई है।

वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ के मंत्री धर्मीचंद सिंघवी ने उत्साहित भावों से कहा कि हमारा परम सौभाग्य है कि सभी आचार्यों व अन्य महात्माओं का पदार्पण हुआ। एएमकेएम का प्रांगण धन्य हो गया।

उन्होंने एएमकेएम में चातुर्मास में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने गुरु भगवंतों की अविनय, आशातना के लिए क्षमायाचना की। वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ तमिलनाडु के अध्यक्ष सुरेश लुनावत ने सभी तपस्यार्थियों का सम्मान किया।विपिन सतावत ने संचालन किया।



# जीके जैन विद्यालय में गणेश उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां रायपुरम स्थित जीके जैन विद्यालय परिसर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर विघ्नहर्ता के मूर्ति का श्रृंगार कर अलंकृत करके उनका भव्य स्तुति किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की तरह से श्री जैन शिक्षण संघ के सचिव राजेश कोठारी, पत्राचारक महावीर कोठरी, हायर सेकेंडरी के सचिव ज्ञानचंद कोठारी एवं सदस्य के रूप में धर्मेश बोहरा उपस्थित रहें। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. सुनीता कुमारी ने उपस्थित मेहमानों का स्वागत किया।

भावों का अनुमोदन करते हुए विघ्नहर्ता श्री गणेश का प्रबंधन पदाधिकारी गण के द्वारा स्तुति करते हुए गजबदन को पुष्प अर्पित करते हुए आरती उतारी गई। अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं तथा छात्रों ने पूरी तल्लीनता के साथ बप्पा की पूजा अर्चना की गई। पत्राचारक महावीर कोठारी, ज्ञानचंद कोठारी ने गणेश महोत्सव पर शुभकामना दी। वहीं कक्षा एक से बारहवीं के छात्र - छात्राओं ने मिट्टी से बप्पा के विभिन्न मुद्राओं वाली मूर्तियां बनाई जिसमें उत्कृष्ट मूर्ति बनाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। हिंदी अध्यापक शिव कुमार शुक्ल ने धन्यवाद देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्वागत अभिनंदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला के कथा वाचक कौशिकजी महाराज द्वारा जेपीनगर स्थित प्रसन्ना अंजनैया स्वामी मंदिर में मंगलवार से तीन दिवसीय हनुमंत कथा आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कथा श्रवण कराने आए कथा वाचक कौशिकजी महाराज का बेंगलूरु के हवाई अड्डे पर श्याम मन्दिर बन्नरघट्टा के संस्थापक सदस्य रेवंतमल झँवर, आयोजक परिवार से राकेश जोशी व पारीक समाज कर्नाटक के अध्यक्ष पृथ्वीराज पारीक ने सम्मान किया।

# स्वयं और कामनाओं पर नियंत्रण रखना ही संयम है : साध्वीश्री धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में एवं साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने कहा कि धर्म एक उत्कृष्ट मंगल है। अहिंसा, संयम और तप रूपी भाव रत्न ये तीनों धर्म के अंग है। जो साधक सदा धर्म के अन्दर हमेशा मन को लगाकर रखता है। उस भावी आत्मा को साक्षात देवता भी नमस्कार करते है।

संयम ही जीवन है। और असंयम ही मृत्यु है। इन्द्रियों का निग्रह संयम है। संयम हमारी आत्मा के लिए परम आवश्यक है। उन्होनें कहा कि संयम का महत्व साधु के जीवन में नहीं बल्कि श्रावक के जीवन में भी संयम का उतना ही महत्व है। स्वयं पर नियन्त्रण और कामनाओं पर नियन्त्रण रखना ही संयम है। नदी अपनी मर्यादा में बहती हैं आस - पास के सभी स्थान को सरसब्ज बना देती हैं। लेकिन जब नदी अपनी मर्यादा तोड़ती हैं तो भयंकर अतिवृष्टि रूप विनाश का कारण बनती है। चूंकि जगत के सब प्राणियों को आश्रय देती हैं लेकिन जब धरती अपनी मर्यादा को छोड़ दे महाविनाशकारी प्रलयकारी भूकम्प के रूप में अपार जनसंहार का कारण रूप भी बनती है। वायु और अग्नि भी अपनी मर्यादा में ही सभी को जीवों को प्राणशक्ति और जीवन को ऊर्जा देने वाली महत्वपूर्ण कारक होती हैं। वैसे ही मानव के जीवन में भी संयम-मर्यादा का पालन जरूरी है।

साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने कहा कि जैसे शरीर के लिए अपने को स्वस्थ पौष्टिक बनाये रखने के लिए जैसे खान, पान, निद्रा और वस्त्र, आवश्यक निवृत्ति की जरूरत होती है। ठीक वैसे ही आत्मा के लिए प्रभु भक्ति, गुरु भक्ति, सेवा, सुशुषा, स्वाध्याय, संयम के साथ प्रतिदिन यथाशक्ति अपने जीवन में तप और दान देने के लिए भी हमेशा तैयार रहना चाहिए और आत्मा के लिए करणीय इन छह कार्यों का अवश्य ही अपने जीवन में पालन करना चाहिए। जैसे भोजन से शरीर पुष्ट होता हैं वैसेहि भजन से हमारी आत्मा पुष्ट होती है। प्रवचन पश्चात पैसठिया छन्द जाप के कलश लाभार्थी समदड़िया परिवार रहा। संघ अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संघ के सहमंत्री रमेश गुंदेचा ने किया ।



# तपस्या शक्ति है, कर्म संस्कार से मुक्ति है : साध्वीश्री संयमलता

मंड्या/दक्षिण भारत। शहर के तेरापंथ भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री संयमलताजी के सान्निध्य में तप अनुमोदना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंगलाचरण चामराजनगर महिला मंडल ने किया। साध्वी संयमलताजी ने कहा कि भारत अनादि काल से योग भूमि के रूप में विख्यात रहा है। तपस्वियों की गहन तपस्या के परमाणुओं से अभिषित मंड्या की माटी धन्य है। तपस्या शक्ति है, कर्म संस्कार से मुक्ति है। इस मौके पर विभिन्न तपस्वियों की तप की अनुमोदना करते हुए साध्वीश्री ने कहा कि तपस्या दो प्रकार की शक्ति होती है एक गुरु की और एक आत्मा की शक्ति । इन तपस्वियों ने दोनों प्रकार की शक्तियों कि साधना की है आगे भी ऐसी ही शक्ति लगाते रहे, यही कामना। तपस्वियों के परिवारों ने समूह गीत का संगान किया। साध्वी मार्दवश्रीजी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि आहार एवं अनाहार में शक्तिशाली अनाहार होती है। तप से शरीर की शुद्धि एवं आत्मा की मुक्ति होती है। इस मौके पर बेंगलूरु, मंड्या व आसपास से श्रद्धालु उपस्थित थे। रात्रिकालीन धम्मजागरण भक्ति संध्या में भजनों की रसधारा बहती रही।

## गुरु दर्शन यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के हनुमंतनगर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में युवक मण्डल द्वारा पंच दिवसीय गुरु दर्शन यात्रा का आयोजन किया। मंगलवार को युवाओं ने चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीद्वय से मंगलपाठ का श्रवण किया तथा गुरु दर्शन यात्रा पर रवाना हुए। संघ अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी, मंत्री सुरेशकुमार धोका, उपाध्यक्ष हुकमीचंद बाफना, कोषाध्यक्ष धनराज मुथा ने गुरु दर्शन यात्रा आयोजित करने के लिए युवा अध्यक्ष शीतल रांका, मंत्री किशोर बाफना आदि का सम्मान किया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.